खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34⁰C
न्यूनतम : 23⁰C

मुरादाबाद, शनिवार 27 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 43 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी: योगी पेज 2



हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज खेल टाइम्स



प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन सम्पादकीय



तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया पेज 12

# ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता



- एक अक्टूबर से लागू होगा नया फरमान, अमेरिका को 30 प्रतिशत दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत
- जेनेरिक दवाओं पर भी बैन लगा सकते हैं ट्रम्प
- जेनेरिक दवाओं का विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक है भारत

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ एक अक्टूबर 2025 से लागू होगा।

यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा, जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रम्प ने कहा कि एक अक्टूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। लगा रही हैं का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हुई रचनात्मक बातचीत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वहां के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में रचनात्मक बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने निर्णय तक शीघ्र पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने का फैसला किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 22-24 सितम्बर तक अपने दौरे में वहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने समझौते के विभिन्न पहलुओं पर अमेरिकी सरकार के साथ रचनात्मक बैठकें कीं। दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

## पेपर लीक करवा रही भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर पार्टी' : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार 'पेपर चोर' सरकार बन गई है। श्री गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है, लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है।

## हाईकोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिख समुदाय से जुड़े विवादित बयान को लेकर दायर निगरानी याचिका के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद तीन सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था, जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। राहुल गांधी ने वाराणसी के स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उन्होंने वाराणसी एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा निगरानी याचिका स्वीकार किए जाने को दी थी। याचिका को खारिज कर दिया।

## डा. मनमोहन सिंह के नाम पर पुस्तकालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के नाम पर अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. सिंह के नाम पर स्थापित इस एक का नाम डा. मनमोहन सिंह अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय रखा गया है। यह केंद्र कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर डा. सिंह की पुस्तकें, उनके लेख और भाषणों के संकलन रखे गए हैं। इस मौके पर डा. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## यूसीसी वक्त की जरूरत: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पोक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।

## वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार

**लेह।** लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

# आई लव मुहम्मद के बैनर को लेकर बरेली में बवाल

## सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग, तोड़फोड़-हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो





**बरेली।** बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है।

डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है। श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। स्थिति को देखते हुए श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी। नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने अचानक वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं, तो भगदड़ मच गई। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने आई लव मुहम्मद मामले में डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। ज्ञापन में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके मद्देनजर गुरुवार शाम से ही शहर में चौकसी बढ़ा दी गई थी। शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस -शेष पृष्ठ दो पर

- मौलाना तौकीर रजा नजरबंद जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

### पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें

**बरेली।** दरगाह की तरफ से युवाओं से यह अपील की गई कि वह पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें, घरों पर पोस्टर न चिपकाएं और पोस्टर लेकर जुलूस में शामिल न हों, क्योंकि यदि पोस्टर फटेंगे तो जमीन पर गिरेंगे और लोगों के पैरो तले आएंगे इससे इस्लाम की तोहीन होगी।

### सहारनपुर में जुमे की नमाज के बाद लहराया 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर

**सहारनपुर ब्यूरो।** महानगर में जुमे की नमाज के दौरान एक युवक ने 'आई लव मुहम्मद' के नाम का पोस्टर लहराया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। काफी जद्दोजहद के बाद उससे पोस्टर छीन लिया और अपने साथ ले गई। महानगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार दोपहर एक बजे नमाज शुरू हुई। नमाज अदा होने के बाद नमाजी अपने-अपने घर की ओर जाने लगे, तभी उनमें से एक व्यक्ति ने अपनी जेब में से आई लव मुहम्मद लिखा पोस्टर निकालकर लहराना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे वहां से ले गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े बंदोबस्त किए थे। मौके पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल एवं अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि पुलिस उक्त व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली-NCR में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री पर रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ ग्रीन पटाखे बना सकेंगे, बैन का आदेश लागू नहीं हो सका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। हम केंद्र से आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत करके पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को संशोधित करने का प्रस्ताव लेकर आएं। एक व्यावहारिक समाधान लेकर आएं, जिसे सभी स्वीकार करें। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल 2025 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन सिर्फ सर्दियों के मौसम के बजाय पूरे साल तक बढ़ाने का आदेश दिया था। इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर अभी सुनवाई चल रही है।

# उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया दो लाख का हर्जाना

- एसईसी की हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) की उस चुनौती को खारिज कर दिया, जो उसने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की थी। हाईकोर्ट ने आयोग के उस स्पष्टीकरण वाले सर्कुलर पर रोक लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नाम कई मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, वे पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया और एसईसी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जस्टिस नाथ ने आयोग के वकील से सवाल किया कि आप कैसे वैधानिक प्रावधान के विपरीत निर्णय ले सकते हैं? हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया था कि कई मामलों में ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जा रही थी, जिनके नाम एक से अधिक मतदाता सूचियों में शामिल थे। एसईसी के स्पष्टीकरण में कहा गया था कि किसी उम्मीदवार का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायत/क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र/नगर निकाय की मतदाता सूची में दर्ज होने के आधार पर उसका नामांकन पत्र निरस्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने के बाद यह पाया कि यह स्पष्टीकरण उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016 का उल्लंघन प्रतीत होता -शेष पृष्ठ दो पर

# मिग-21 ने भरी आखिरी उड़ान, 62 साल बाद हुआ रिटायर

चंडीगढ़, वार्ता

- मिग-21 की अंतिम उड़ान में एयरफोर्स चीफ हुए सवार
- 1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा चर्चित एयरक्राफ्ट



**भारतीय वायुसेना** की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। शुक्रवार से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं।

विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या किसी एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक, या बालाकोट हवाई हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो। आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया। यह उसके प्रति सम्मान दर्शाता है। सूर्यकिरण टीम भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक डिस्प्ले टीम है। इसे दुनिया की चुनिंदा और सबसे बेहतरीन सैन्य एरोबेटिक टीमों में गिना जाता है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### दवाओं पर ट्रम्प के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर होगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा का सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 21.09 प्रतिशत बढ़कर 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था। खासकर भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं, जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है। उद्योग मंडल फिक्की की पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत मांग की पूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है।

### मुख्तार पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस के घर में चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर क्षेत्र में तैनाती के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस अधिकारी यमुना प्रसाद के घर में बीते बुधवार को चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने घर से नकदी, घड़ियों, चांदी के बर्तन और टोटियां समेत कई सामान पार कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमुना प्रसाद वर्तमान में नोएडा में डीसीपी पद पर तैनात हैं और परिवार के साथ वही रहते हैं। लखनऊ के आवास पर रिश्तेदार असित सिद्धार्थ रहते थे, जिन्होंने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। घटना का खुलासा 23 सितम्बर को तब हुआ, जब बिजली विभाग के कर्मचारी घर पहुंचे। घर खोलने पर भीतर का सामान अस्त-व्यस्त मिला।

# हाईकोर्ट की यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा नहीं कराने के आदेश पर रोक

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा (मुख्य परीक्षा) पर रोक लगाने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि आयोग मुख्य परीक्षा का आयोजन करे, मगर इसका परिणाम जारी नहीं किया जाएगा।

इससे पूर्व एकल पीठ ने मुख्य परीक्षा के आयोजन पर रोक लगाते हुए प्रारंभिक परीक्षा-2024 के परिणाम को संशोधित करने का आदेश दिया था। एकल पीठ ने कहा है कि



■ परीक्षा कराएं, मगर परिणाम नहीं होगा जारी

आयोग पहले प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी करे और उसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा आयोजित करे। इस आदेश के खिलाफ आयोग ने विशेष अपील दाखिल की। न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने अपील पर सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए खंडपीठ ने एकल न्याय पीठ के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी है और मुख्य परीक्षा के आयोजन की छूट दे दी है। प्रतियोगी राजत मौर्या व 41 अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर कहा गया कि यूपीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय आरक्षण के माइग्रेशन (प्रवासन) के सिद्धांत का पालन नहीं किया। इसके तहत आरक्षित वर्ग के जिन उम्मीदवारों ने योग्यता के आधार पर अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें अनारक्षित सूची में शामिल किया जाना अनिवार्य है।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा: राष्ट्रपति

## रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू, रिसर्च की अपील

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत को रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 में बोलते हुए कहा कि इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि भारत दुर्लभ अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि ये एलिमेंट दुर्लभ इसलिए नहीं हैं क्योंकि इनकी उपलब्धता कम है, बल्कि इन एलिमेंट की पहचान करने की प्रक्रिया बहुत जटिल है।



■ बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च करे वैज्ञानिक

राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक के विकास से इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडेक्टर और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का दौर है। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और रेन्युबल एनर्जी टेक्नोलॉजी में रेयर अर्थ एलिमेंट आवश्यक हैं। बता दें कि रेयर अर्थ एलिमेंट 17 रासायनिक रूप से समान धात्विक तत्वों का एक समूह है जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और वाइंड टर्बाइन सहित एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माइन्स मंत्रालय स्थिरता और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है। खनन क्षेत्र एआई मशीन लर्निंग और ड्रोन-बेस्ड सर्वे को बढ़ावा दे रहा है। खदानों के अवशेषों से मूल्यवान तत्वों की प्राप्ति पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल देश के कई हिस्सों में बादल फटने और भूस्खलन के कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है और ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी समय पर प्राप्त करना बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूवैज्ञानिक समुदाय से मेरी अपील है कि वे बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च पर अधिक ध्यान दें।

## चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए बोले सीएम योगी

# एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया होगी सरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए कहा कि कई बार विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए डाटा फीड करने में त्रुटि हो जाती है। ऐसे में छात्र अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। इसके लिए हम एआई के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं।

योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम रहेगा और जैसे ही छात्र का पंजीकरण हो जाए, उसके फोन पर पूरी डिटेल उपलब्ध हो और समय पर छात्रवृत्ति पहुंच जाएगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने



■ 2017 के पहले उप्र में छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था

कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि दरअसल फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितम्बर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितम्बर में मिला करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। इस बार फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और सरदार पटेल ने अपनी शिक्षा से, अपनी योग्यता से हमारे देश को और समाज को दिशा दी थी। सरकार का प्रयास है कि हर छात्र को सहायता मिले जिससे कि वो अपनी शिक्षा से समाज के विकास में योगदान दे सके।

### यूपी के 240 गांवों में बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क पर होगी बात

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उड़ीसा से भारत संचार निगम लिमिटेड की 4-जी सेवा का शुभारंभ करेंगे।

देश मे बीएसएसनल की 4-जी सेवा के शुरू होने के बाद उत्तरप्रदेश के उन 240 गांवों में संचार नेटवर्क आसानी से उपलब्ध होंगे, जहां पर अभी तक मोबाइल पर लोगों का बात करना सपने के समान था। इन गांवों में अभी तक किसी भी दूरसंचार कम्पनी की कनेक्टिविटी नहीं है। बीएसएसनल की 4-जी सेवाओं के शुभारंभ से एक दिन पूर्व शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बीएसएसनल (पूर्वी परिमंडल) के चीफ जनरल मैनेजर एके गर्ग ने बताया कि पहली बार बीएसएसनल की 4-जी स्वदेशी सेवा की कल से शुरुआत हो रही है। इसके लिए पूरे देश मे 97500 साइट्स स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बीपीएन नेटवर्क के तहत 18900 साइट्स को कवर किया जा रहा है। एके गर्ग ने बताया कि अभी तक हमारे पास 4-जी टेक्नोलॉजी नही थी। इस टेक्नोलॉजी को 22 माह के अंदर डेवलप किया गया है। टेक्नोलॉजी के डेवलप होने के बाद भारत विश्व के उन पांच देशों मे शामिल हो गया है, जिनके पास यह टेक्नोलॉजी डेवलप करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि कल इस सेवा के शुरू होने के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त राज्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईजीपी में किया गया है। उन्होंने बताया कि हम 5-जी सेवा पर भी काम कर रहे हैं।

# कच्चे माल पर कर बढ़ाना भाजपा का गोलमोल सच

**लखनऊ, वार्ता**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना 'जीएसटी गोलमाल' का सच है।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी, लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के 'जीएसटी गोलमाल' का सच। उन्होंने कहा ष्भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है, क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गए। जब जनता बाज़ार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है, तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी



■ अखिलेश ने बीजेपी पर बोला तीखा हमला

की सगी नहीं है। एक अन्य पोस्ट में सपा सुप्रीमो ने रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड उप्र में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हो रहे हैं, क्या उनके घायल शरीर के निशान काफ़ी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं। भाजपा अब क्या सीसीटीवी के खिलाफ़ एफ़आइआर कराएगी।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70
सोना रु. 113080 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 137467 प्रति किलो



# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स लुढ़का

## सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल शेयरों में ज्यादा गिरावट रही

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे दिन गिरावट देखी गई और शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 450 अंक लुढ़क गया। बाजार में शुक्रवार को शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 203.67 अंक की गिरावट के साथ 80,956.01 अंक पर खुला।

फार्मा, आईटी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और एफएमसीजी समेत लगभग सभी सेक्टरों में निवेशकों ने बिकवाली की। खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 378.57 अंक (0.47 प्रतिशत) की गिरावट में 80,781.11 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 72.5 अंक गिरकर 24,818.55



अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह भी 108.15 अंक यानी 0.43 प्रतिशत नीचे 24,782.70 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के शेयरों में ज्यादा गिरावट रही। एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और आईटीसी के शेयर ऊपर चल रहे थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितम्बर को समाप्त हुए सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के साथ 12 सितम्बर को यह अब तक के दूसरे उच्चतम स्तर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 86.4 करोड़ डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 92.779 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 10.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.879 करोड़ डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 4.762 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### सोने और चांदी के दाम में फिर आया उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन से गिरावट के बाद सोने में शुक्रवार को उछाल देखा गया। हालांकि ये तेजी इतनी अधिक नहीं है। वहीं चांदी की रफ्तार ने भी तेजी पकड़ ली। सुबह 9.30 बजे एमसीएक्स पर सोने में 174 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी देखी गई है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के भाव देश की राजधानी दिल्ली में 250 रुपये प्रति 10 बढ़कर 113,080 रुपये पर आ गए है। मुंबई में सोने के दाम 450 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए हैं। सोने की कीमत 113,470 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। गोल्ड के भाव आज 0.400 फीसदी बढ़ गए हैं। पटना और रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 24 कैरेट सोने की कीमत 113,200 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आईबीजेए के अनुसार चांदी का भाव 2911 रुपये बढ़ा है। हालांकि एमसीएक्स में दोपहर 3.42 बजे चांदी की कीमत में 864 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। शुक्रवार को 1 किलो चांदी का भाव 137,467 रुपये दर्ज किया गया है। इस हिसाब से देखें तो आज चांदी में 2911 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी आई है।

# यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक और फर्जीवाड़ा

## 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 को मिली नौकरी, जांच में खुलासा

**लखनऊ।** यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर भर्ती मामले में अब नया खुलासा हुआ है। खाद्य एवं रसद विभाग की जांच रिपोर्ट में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो सीधे-सीधे धांधली की ओर इशारा करते हैं। विभाग ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है।

खाद्य एवं रसद विभाग 2008 और 2016 में हुई नियुक्तियों की जांच कर रहा है। 2007 में एक्स-रे टेक्नीशियन के 572 पदों पर हुई नियुक्ति में भी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट से पता चला है कि 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की गई है। उदाहरण के तौर पर एक ही पिता गुलाब सिंह के चार बच्चों जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह की नियुक्ति हुई है, जबकि पता सभी का अलग-अलग है। स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में फर्जीवाड़े के खुलासे से सवालिया निशान खड़ा हो गया है। यह भी पता चला है कि कई अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे तो हैं, लेकिन उनकी जाति अलग-अलग दर्ज



की गई है। दस्तावेजों में इस स्तर की हेराफेरी से साफ जाहिर है कि भर्ती में पारदर्शिता को दरकिनार कर सुनियोजित फर्जीवाड़ा किया गया। कई अभ्यर्थियों के पते भी गलत पाए गए हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नियुक्तियां असल अभ्यर्थियों के बजाय अपने चहेते अभ्यर्थियों की हुई है। यह खुलासा 2016 और 2008 में हुई भर्तियों की जांच के दौरान हुआ है। अब 2007 की भर्ती उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने कहा कि एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती मामले की जांच रिपोर्ट से संबंधित फाइलें देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

वीके विजयकुमार ने कहा कि भारत, जो जेनेरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर (करीब 77 हजार करोड़ रुपये) की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का करीब 31 फीसदी था। अमेरिका में डाक्टर जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से लगभग 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों की बनाई होती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में अमेरिका के हेल्थकेयर सिस्टम के 219 अरब डॉलर बचे थे। 2013 से 2022 के बीच यह बचत 1.3 ट्रिलियन थी। भारत की बड़ी फार्मा कंपनियां, जैसे डा. रेड्डीज, सन फार्मा, ल्यूपिन सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही नहीं बेचती, बल्कि कुछ पेटेंट वाली दवाएं भी बेचती हैं।

**आई लव मुहम्मद...**

के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने जो ऐलान किया था। उसके मुताबिक अमल किया जाएगा। जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद में पढ़ेंगे। उसके बाद बहुत ही जिम्मेदारी और अमन के साथ हम अपनी तकलीफों और परेशानियों के लिए डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन देना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। अगर जिला प्रशासन लोगों को रोक-टोक करेगा या उनके साथ बदतमीजी की जाएगी। ज्यादती की जाएगी, तो उसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की खुद होगी। हमारा कार्यक्रम पूरी तरह अमन का है।

**उत्तराखंड राज्य...**

है। अदालत ने कहा कि यह अधिनियम की धारा 9(6) और 9(7) के विपरीत है। हाईकोर्ट का कहना था कि जब कानून स्पष्ट रूप से यह रोक लगाता है कि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाता सूचियों में दर्ज नहीं हो सकता और यह वैधानिक प्रतिबंध है, तो राज्य चुनाव आयोग द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण इस प्रतिबंध के बिल्कुल विपरीत प्रतीत होता है। इसलिए हाईकोर्ट ने उस परिपत्र पर रोक लगाई और निर्देश दिया कि उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसी आदेश के खिलाफ एसईसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# लद्दाख में पार्टी को बदनाम करने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता, न्यूज चैनलों के एंकर तथा सोशल मीडिया के कई लोग हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति की तस्वीर गलत तरीके से पेश कर उसे कांग्रेस का पार्षद बता कर पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी ने इसे सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक लाभ अर्जित करने के लिए कांग्रेस के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा है और ऐसा करने वाले लागों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के कई नेता और कुछ एंकर या सोशल



■ यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा

मीडिया इन्फ्लुएंसर किसी व्यक्ति की तस्वीर और फुटेज दिखाकर उसे कांग्रेस के निर्वाचित पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग बताकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। हम उन सभी लोगों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने न केवल हमारी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की है, बल्कि अशांति पैदा कर विरोध को हवा देते हुए मतभेद और फैलाने का प्रयास किया है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा और उसके लिए प्रचार में लगे मीडिया तथा सोशल मीडिया के उसके लोग लद्दाख के लोगों के साथ संवेदनशीलता दिखाने की बजाय अपनी आदत के अनुसार कीचड़ उछाल रहे हैं और लद्दाख में फैले आक्रोश का फायदा उठाकर राजनीतिक विरोधियों से हिसाब बराबर करने का मौका तलाश रहे हैं।

### डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जयंती पर नमन करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कांग्रेसियों से डर रही सरकार

## लगातार किया जा रहा पुलिस का इस्तेमाल, फिर भी कांग्रेसी डटे






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न जाने क्या वजह है कि राहुल गांधी की पार्टी कांग्रेस से भाजपा सरकार डर रही है। कांग्रेसियों को दबाने के लिए पुलिस का लगातार इस्तेमाल किया जा रहा है, फिर भी कांग्रेसी डटे हुए हैं। जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में उनका जोश बढ़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज कांग्रेसियों को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपना था। पूरे जनपद से कांग्रेस कार्यकर्ता जनपद मुख्यालय पर एकत्र हुए थे। जैसे ही पुलिस प्रशासन को इसकी खबर लगी, तो बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कांग्रेसियों को कलेक्ट्रेट जाने से रोक दिया गया। लेकिन बढ़ापुर के फरीद अहमद एड. पूर्व जिला महासचिव नजाकत अल्वी और शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग सहित तमाम युवा कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने सड़क पर ही धरना शुरू कर दिया, जिससे वहां पर जाम लग गया। साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के निवास पर पुलिस ने पहरा देना शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी तैनात कर दी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कुशल नेतृत्व का परिचय दिया तथा पुलिस को चकमा देकर अपने निवास से निकल कर जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंची। जहां पर पहले से अपनी रणनीति के तहत कांग्रेस के कार्यकर्ता दो-दो कर के पहले से ही मौजूद थे। अपनी क्रांतिकारी जिलाध्यक्ष को देखकर सभी कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में उत्साह से भर गए। सभी ने जिलाध्यक्ष के साथ जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन दिया। जिसमें मुख्य तौर पर पुलिस द्वारा कांग्रेस के बब्बर शेरों को हाउस अरेस्ट करने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सतेंद्र मलिक नामक दारोगा द्वारा अभद्रभाषा व अशोभनीय व्यवहार के खिलाफ सख्त करवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि अगर दो दिन मे दरोगा पर कार्रवाई नहीं की गयी, तो फिर बिजनौर कांग्रेस एक बड़ा आंदोलन करेगी। जिसे रोकना मुश्किल होगा। उसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह अपने सभी बब्बर शेरों के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची। जहां पर शहर अध्यक्ष हुमायु बेग के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ता पुलिस का डट कर मुकाबला कर रहे थे। कार्यालय पहुंच कर जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।


इस दौरान पूर्व सांसद ओमवती देवी, आर के सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, जावेद अंसारी (संगठन प्रभारी), वसीम अकरम, विनोद तोमर, गौतम सिसोदिया (युवा अध्यक्ष), नजाकत अल्वी, विनोद तोमर, जिला महासचिव मीनू गोयल, इंतखाब जैदी एड., शारिक अली, गुलसिताब एड., मौ. हनीफ, जफर हसनैन, मौ. खालिद, नदीमुद्दीन, समीर एड., कमरून्निसा, शूरवीर सिंह, राकीब आलम, रामपाल सिंह, कलीराम, अनूप सिंह, काजी आतिफ अली , रमीज राजा, मौ. फैज, अरशद शेख, जुनैद, राकेश शर्मा, एम. अकरम खां, सैयद जहांगीर जैदी, साबिर अंसारी, फरीद खान एड़., अनिल त्यागी, इंतेखाब जैदी, रियासत अंसारी, अजीम अंसारी, सरदार गुरमुख सिंह दीवान, कुमारी शाजिया परवीन एड., हाफिज शददन, शेख वलीउल्लाह, अब्दुल समद आजाद, जैद बेग एड., हुकम सिंह, अहसन जमील, अशरफ अंसारी, निजामुद्दीन, जफर मलिक, गुलशन कुमार, जसराम सिंह, त्रिलोक चंद शर्मा, मीनाक्षी, हिमांशु देवरा, हरि सिंह सागर, डा. अशरफ, हाजी नसीम अंसारी, मिस बाबुल हसन, प्रदीप ठाकुर, हाजी अहसान अंसारी, नदीम नजाकत खा., असलम अंसारी, विश्व मोहन सिंह, शेख अंजार अहमद, सुरेंद्र बाल्मीकि, सुमन, रकीब आलम, पीयूष त्रिपाठी, नईम फरीदी, अजहत मंसूरी एड., शारिक अली, जफर हसनैन, मौ. खालिद, नदीमुद्दीन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवती ने किया तेजाब का सेवन

**नहटौर।** क्षेत्र के एक गांव में 19 वर्षीय युवती ने तेजाब का सेवन कर लिया। तेजाब के सेवन करने का पता चलने पर हड़कंप मच गया।आनन फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

### शेख इरशाद ने व्यक्त की संवेदना



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत आसफाबाद चमन के मौजूदा प्रधान मौहम्मद यामीन का हार्ट अटैक के कारण इंतकाल हो गया था। 60 वर्षीय प्रधान का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में कब्रिस्तान में हुआ। इस दौरान पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन किसी कार्य से बाहर थे। उन्होंने परिवार वालों से फोन पर बातचीत की और पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने मरहूम प्रधान के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और लोगों से उनके लिए दुआ करने का आग्रह किया। मरहूम प्रधान मौहम्मद यामीन को खुशमिजाज और मिलनसार व्यक्तित्व वाला बताया गया। उनके बड़े पुत्र अकील अहमद ने उपस्थित लोगों से अपने पिता की मगफिरत के लिए प्रार्थना करने का अनुरोध किया। इस मौके पर जनाजे में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, पूर्व चेयरपर्सन पति शेखघ्इरशाद हुसैन, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड, मेंबर कलवा कुरैशी, प्रधान रिजवान अहमद, सुरेन्द्र सिंह, रईस वकील, जाकिर हुसैन, वीरपाल सिंह , अनवर डेरी वाले, समीर उर्फ बुल्ला सहित कई सामाजिक और राजनीतिक नेता शोक व्यक्त करने पहुंचे और अल्लाह से मरहूम प्रधान के लिए मगफिरत की दुआ मांगी। गांववासियों ने भी पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन के मार्गदर्शन में शोक व्यक्त किया।

### फायरिंग कर सनसनी फैलाई, रिपोर्ट दर्ज

**नूरपुर।** एक डिग्री कॉलेज के पास एक दर्जन से अधिक युवक खड़े थे, तभी वहां पर बिजनौर की ओर से दुपहिया वाहन व कार में सवार होकर दर्जन भर युवक वहां पहुंचे, दोनों पक्षों में गाली-गलौच व मारपीट हुई। इस बीच एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस के अनुसार विशाल यादव गुट ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट में घायल हुए युवक अहीरपुरा निवासी गौरव कुमार पुत्र शिव कुमार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर उसकी तहरीर पर विशाल यादव निवासी ग्राम बूचा नांगल, थाना चांदपुर, सीटू त्यागी निवासी ग्राम मुजाहिदपुर, योगेश कुमार व शिवा यादव के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

## पत्नी व पुत्री गंभीर घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** दुर्घटना में एक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी व पुत्री घायल हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज शाम लगभग 4:15 बजे कोतवाली देहात रोड पर सिद्धबली विहार कॉलोनी के सामने ट्रक संख्या यूपी 23 बीटी 0539 व मोटर साइकिल संख्या यूपी 21 बीएच 3109 के बीच टक्कर हो गई। जिसमें मोटर साइकिल पर सवार एहसान (55 वर्ष) पुत्र शाहिद अहमद निवासी ग्राम सेडा, थाना धामपुर उनकी पत्नी रुबीना व पुत्री सुमेरा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को इलाज हेतु सीएचसी समीपुर में भर्ती कराया गया। जिसमें एहसान की मृत्यु हो गई है। घटनास्थल पर एसडीएम शैलेंद्र कुमार और स्थानीय पुलिस पहुंची। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि ट्रक चालक काफी तेज रफ्तार था। बताते हैं कि वह नशे में था।

# कुरान के बताए रास्ते पर चलें: मुफ्ती इफ्तिखार

## रसूल की सुन्नत को नहीं छोड़ना चाहिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष मुफ्ती इफ्तिखार ने कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर मोड़ पर देश और मिल्लत की खातिर जो कुर्बानी दी हैं, वह इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज हैं।

उन्होंने कहा कि आज का सबसे बड़ा दुख यह है कि मुसलमानों ने रसूल की सुन्नत को छोड़कर अपना जीवन बिताना शुरू कर दिया है और आपसी रिश्तों व विश्वास को ठेस पहुंचा कर एक-दूसरे के सम्मान को खत्म कर दिया है। तभी तो दुनिया में भी जलील हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि हर मोड़ पर आपसी मतभेदों को दूर करें और अपनी जिन्दगी को ईमानदारी के साथ नबी के तरीके पर अपनी जिंदगी को गुजारने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को दिन की तालीम देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुराइयों और दुश्मनों से खबरदार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिंदगी का मकसद पहचानना चाहिए। मस्जिदों को आबाद करना चाहिए और घर में दिन की तालीम होनी चाहिए। हमें अपने बुजुर्गों की इज्जत करनी चाहिए और छोटों के साथ अच्छे अखलाक से पेश आना चाहिए। मुफ्ती इफ्तिखार ने जमीयत उलेमा के कार्यकर्ताओं के बीच मतभेदों पर अफसोस जताते हुए कहा कि अब जमीयत में कुछ लोग स्वार्थ और अपने नाम के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों की बारे में जमीयत उलमा ए हिन्द के हाईकमान को अवगत कराया जायेगा।

इससे पूर्व हकीम अबू मूसा कासमी के आवास पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुफ्ती मौहम्मद इसहाक, कारी मौहम्मद अजीम, मौलाना मौहम्मद सुहैल, कारी मौहम्मद नदीम, मौलाना अबरार अहमद कासमी, मुफ्ती मौहम्मद सलमान कासमी, हाफिज मौहम्मद लुकमान अंसारी, मौलवी मौहम्मद मूसा, हाफिज मौहम्मद जकी आदि मौजूद रहे।

# नहटौर में प्रशासन पूरी तरह से नजर आ रहा नाकाम

## आखिरकार किसके दबाव में काम कर रहा प्रशासन, हो रही किरकिरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर में प्रशासन पूरी तरह से नाकाम नजर आ रहा है। जर्जर भवन में साप्ताहिक बाजार लगाने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश के बावजूद न जाने कि ऊपरी दबाव व लालच में लगातार बाजार लग रहा है। इससे प्रशासन की जबरदस्त किरकिरी हो रही है। कोई कहता है कि पंजाब से आदेश आया है कि बाजार लगने दो और दूसरी तरफ चर्चा है कि मोटा फीलगुड़ किया जा रहा है। सच्चाई तो अधिकारी ही बता सकते हैं, लेकिन मगर यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

गौरतलब है कि नहटौर में एचएमआई इंटर कॉलेज के सामने जर्जर भवन में शानदार मार्केट के नाम से साप्ताहिक बाजार लगता है। यह मार्केट पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और कभी भी नीचे गिर सकता है। साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं व बच्चे खरीदारी करने के लिए आते हैं। साथ ही नगर के विभिन्न मौहल्लों की महिलाएं भी खरीदारी करने के लिए आती हैं। यह मार्केट भीड़ से खचाखच भरा जाता है। पैर रखने के लिए भी जगह नहीं रहती है। बाहर मुख्य मार्ग पर भी जाम लग जाता है। मार्केट की छत पर भी बाजार लगता है। छत जर्जर हो चुकी है और उसमें वजन उठाने की क्षमता भी नहीं है। पूर्व में इसे लेकर तमाम शिकायतें की जा चुकी हैं। इसके बाद इस बाजार को हटाने के आदेश दिए गए थे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के द्वारा थाना अध्यक्ष को पत्र लिखकर मार्केट का संचालन करने वाले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए अनुरोध किया गया था। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस किसी दबाव में है यह तो वही बता सकती है। एजेंसी चौराहे पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है। न तो पुलिस शानदार बाजार को हटवा रही है और ना ही एजेंसी चौराहे से अतिक्रमण हटवा रही है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के पत्र को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कुछ दिन तक तो बाजार नहीं लगा था। लेकिन अब फिर बाजार लगना शुरू हो गया है। कहां जा रहा है कि पंजाब से आदेश आया है। पंजाब में आदेश करने वाला कौन बैठा है, पता नहीं। साथ ही कहा जा रहा है कि कुछ नेताओं ने अधिकारियों से सेटिंग कर ली है। सच्चाई क्या है, यह तो अधिकारी ही जानते होंगे। लेकिन लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कभी भी यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है और न जाने कितनी जाने जा सकती हैं। अधिकारियों को शायद हादसे का इंतजार है। इसीलिए फाइल दौड़ाई जा रही हैं। रिपोर्ट पर रिपोर्ट मांगी जा रही है। अधिकारी साप्ताहिक बाजार को बचाने में लगे हुए हैं। इसीलिए उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के पत्र पर कार्रवाई नहीं होने दी है। जब अधिकारी अतिक्रमण और जाम की समस्या को बढ़ा रहे हैं, तो फिर गैर कानूनी काम करने वालों की हिम्मत बढ़ना स्वाभाविक है।

## एक नजर

### पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण



**नहटौर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उत्तर प्रदेश श्री अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय अध्यापकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडीओ राजू सिंह ने विभिन्न प्रकार के श्री अन्न की विशेषताओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि श्रीअन्न पोषक तत्वों कैल्शियम, आयरन और जिंक आदि से भरपूर एवं उच्च मात्रा में फाइबर युक्त होते हैं। जिस कारण हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। हम सबको अधिक से अधिक मात्रा में श्री अन्न का उपयोग करना चाहिए। एडीओ कृषि अमोल तोमर ने साँवा, रागी, कोदों, कुटकी, रामदाना, ज्वार एवं बाजार सभी बीजों के बारे में बताते हुए कहा की विकास खंड पर स्थित राजकीय बीज भंडार पर प्रत्येक वर्ष जायद एवं खरीफ में श्री अन्न के बीजों का नि:शुल्क वितरण कराया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने श्री अन्न से बने मिष्ठान का भी आनंद लिया। कार्यक्रम में सुखबीर सिंह, दीपा कौशिक, प्रतिभा, कपिल, संजीव, विनय, अवधेश प्रताप एवं अमित मलिक आदि के साथ 50 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजकीय बीज भंडार प्रभारी सुभाष सिंह ने किया।

### जिला सैनिक बन्धु की बैठक



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस धामपुर तथा चांदपुर को भी बुलाना सुनिश्चित करें, ताकि समस्या का निस्तारण जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि यदि किसी तहसील स्तरीय शिकायत का निस्तारण समय पूर्वक नहीं किया जाता तो उन शिकायतों को उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विशेष रूप से प्रस्तुत करें ताकि यथासंभव शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया जा सके। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, खेत तालाब में पानी की व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जिस पर उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपकी शिकायतों के समाधान के लिये गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ ससमय निस्तारण कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, उपाधीक्षक पुलिस सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

### सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**अफजलगढ़।** ग्राम कासमपुरगढ़ी में स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुरगढ़ी में मिशन शक्ति को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति अभियान के बारे में छात्र छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया। वही अफजलगढ़ थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान में छात्र छात्राओं को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार के आलावा थानाध्यक्ष सुमित राठी, हल्का इंचार्ज पर प्रमोद कुमार, अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### मंडावर में निकाली जागरूकता रैली



**मंडावर।** थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नवागत थाना प्रभारी पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह प्रभातफेरी बस स्टैंड से शुरू हुई, जिसमें स्कूल की छात्राओं और स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाना था। थाना प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी भी छात्रा या महिला को कोई परेशानी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपातकाल में 112 नंबर पर कॉल करें। पुलिस हमेशा आपके साथ है और महिलाओं का सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने साइबर अपराधों और महिला सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने सभी से अपील की कि वे अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी जागरूक करें ताकि समाज में सुरक्षित और सशक्त माहौल बनाया जा सके। यह रैली मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने और उनकी सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाने में सफल रही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### हादसे में कई घायल




**झालू।** आज सुबह ग्राम दयालवाला निवासी गौरव पुत्र जसपाल सिंह अपनी पत्नी को लेकर किसी काम से बाइक से नूरपुर जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर अध्यापिका शालिनी कार से बच्चों को पढ़ाने के लिए जा रही थी। जैसे ही बाइक और कार गोलबाग चौराहे पर पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार दंपति और कार चालक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा दुर्घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। आनन-फानन में झालू चौकी इंचार्ज कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल अमित कुमार, हेड कांस्टेबल शुभम राठी एवं कांस्टेबल राजीव तोमर उर्फ फौजी आदि के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। चालक ट्रक को दुर्घटना स्थल पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। गोल बाग क्षेत्र में हादसे होते रहते हैं। यहां पर किसी ऊपरी हवा होने की चर्चा आम है।

### कार्बेट टाइगर रिजर्व में ऑपरेशन मानसून



**अफजलगढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व में ऑपरेशन मानसून के तहत आज अभियान चलाया गया। फील्ड डायरेक्टर डॉ. साकेत बड़ोला के नेतृत्व में कार्बेट टाइगर रिजर्व, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, बिजनौर व नजीबाबाद वन प्रभाग और तराई पश्चिमी वन प्रभाग की टीमों ने संयुक्त गश्त व फ्लैग मार्च किया। अभियान की शुरुआत ढेला रेंज स्थित विश्राम गृह से हुई। ढेला और बबलिया वन क्षेत्र में गश्त के दौरान गुर्जर कैंप के गुर्जर डेरों की मेटल डिटेक्टर और श्वान दल से सघन जांच की गई। इसके बाद 7 नंबर पीलर चौकी, शिकारीकुंआ और झुल्लूमोड़ क्षेत्र की चैकिंग की गई। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के झुल्लूखत्ता और मकोनिया पीली-डैम इलाके में बसे गुर्जर डेरों की भी टीम ने तलाशी ली। इस दौरान कालागढ़ की दक्षिणी सीमा के ग्राम केहरीपुर, कल्लूवाला, धारा, मालौनी और मीरापुर में ग्रामीणों से संवाद कर वन्यजीव सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे मुद्दों पर जागरूक किया गया। ग्रामीणों से वन्यजीव संरक्षण में सहयोग की अपील भी की गई।

### मदरसे में छमाही परीक्षाएं सम्पन्न



**किरतपुर।** नगर के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान मदरसा इस्लामिया अरबिया मिफ्ताहुल उलूम में आयोजित छमाही परीक्षाएं, नियमितता और सफलता के साथ सम्पन्न हुईं। परीक्षाओं की निगरानी और परीक्षण दारुल उलूम देवबंद और मदरसा कासिमुल उलूम, जलालाबाद के प्रतिष्ठित उलेमा-ए-किराम ने अंजाम दिए। अरबी वर्गों की परीक्षाओं के लिए दारुल उलूम देवबंद से मौलाना तौहीद साहब और मदरसा कासिमुल उलूम, जलालाबाद से मौलाना अकीलुर्रहमान बतौर परीक्षक तशरीफ लाए। दोनों ही वरिष्ठ उलेमा ने छात्रों की मेहनत और प्रदर्शन की सराहना की तथा उन्हें दुआओं और हौसला-अफजाई से नवाजा। हिफ्ज व करिअत विभाग की परीक्षाओं के लिए दारुल उलूम देवबंद से शैखुल कुर्रा कारी जमशेद साहब और कारी अरशद परीक्षक के रूप में पधारे। इस सफल आयोजन का श्रेय मदरसे के सदर हाजी अली हसन, मुतवल्ली हाजी शाहिद हुसैन, नाजिम-ए-तालीमात हजरत कारी अब्दुल वकील और कमेटी के अन्य सदस्यों की अथक मेहनत व खिदमत को जाता है। मदरसे के सम्मानित उस्तादों मुफ्ती इस्माइल, मौलाना आबिद, कारी नाजिम, कारी सुहैल, कारी इस्लाम , कारी मौहम्मद फुजैल और अन्य शिक्षकों की मेहनत व तालीमी लगन का ही परिणाम है कि छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त की।

### प्रशिक्षित प्रशिक्षक देंगे महिला प्रधान को प्रशिक्षण




**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत महिला ग्राम प्रधान के प्रशिक्षण हेतु डीपीआरसी अमरोहा पर चार दिवसीय संचालित प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में मंडल स्तर के 29 महिला प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिला ग्राम प्रधानों को उनकी जिम्मेदारियां, नेतृत्व क्षमता का वर्धन, अच्छे कार्यों को करने में आने वाली परेशानियां को दूर करने के उपाय, संचार कौशल को बढ़ाने के तरीकों को सिखाया गया। गौरतलब है कि यह प्रशिक्षित प्रशिक्षण अपने जनपदों में जाकर के महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करेंगे। सीनियर फैकल्टी सत्येंद्र शर्मा द्वारा पंचायत को महिला हितैषी पंचायत किस प्रकार बनाएं पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में रेखा सैनी, खुशी, प्रीति, ममता, आशी, गायत्री, मेहनाज, उजमा, नगमा, रिंकी आदि प्रशिक्षकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### बीएसए से मिला प्रतिनिधिमंडल



**नहटौर।** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से मिलकर उन्हें श्री राम दरबार की तस्वीर भेंट की। शिक्षा मित्रों की समस्या से अवगत कराया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षामित्र की समस्या के निदान के लिए पूर्ण आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश प्रभारी सौरभ चौधरी, जिला संगठन मंत्री केशव त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर जैनेंद्र चौहान, ब्लॉक महामंत्री ओंकार सिंह एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह, संजीव कुमार, जयप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

# कुएं पर मन्दिर निर्माण रूकवाया

## शिकायत पर एसडीएम व सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मस्जिद के निकट पड़े सार्वजनिक कुएं को पाटकर उसके करीब मन्दिर बनाने की शिकायत पर एसडीएम स्मृति मिश्र, सीओ आलोक सिंह सहित भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य कर रहे लोगों से कोई नया निर्माण न करने के आदेश दिये। जबकि ग्रामीणों ने मन्दिर बनाने की सूचना को झूठा बताकर किसी जानवर के गिरने के डर से कुएं को पाटने की बात कही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम हरेवली स्थित मस्जिद के निकट सार्वजनिक पड़े कुएं पर ग्रामीणों द्वारा कुएं को बंद कर मंदिर बनाये जाने के लिए निर्माण कार्य करने की सूचना पर पहुंची पुलिस व एसडीएम सहित सीओ व पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंची और निर्माण रुकवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कोई मंदिर निर्माण नहीं कराया जा रहा है, बल्कि कुएं की सफाई की गई है। कुएं में भारी गंदगी पड़ी थी, जिसे ग्रामीणों ने साफ करवाया तथा जानवरों व बच्चों के कुएं में गिरने की संभावना को देखते हुए उसे बन्द किया गया है। पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति कोई नया निर्माण कार्य नहीं करेगा। यदि कोई निर्माण कार्य करना है तो वह पहले उपजिलाधिकारी धामपुर से आवेदन करेगें। ग्रामीणों ने अधिकारियों के आदेशों का पालन करने का भरोसा दिलाया है।

## मॉडर्न एरा की निधि रानी का नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा निधि रानी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) में उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर विद्यालय एवं जनपद को गौरवान्वित किया है।

सम्पूर्ण भारत से इस परीक्षा में 12,35,778 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच निधि रानी ने ऑल इंडिया स्तर पर 5122 वीं रैंक तथा सामान्य वर्ग में 2505 वीं रैंक प्राप्त की है। कानपुर मेडिकल कॉलेज में उसका चयन हुआ है। उनकी यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन और संकल्प का प्रत्यक्ष

### सामान्य वर्ग में हासिल की 2505 वी रैंक

उदाहरण है। विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निधि की उपलब्धि से विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। निधि की इस सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण बन गया तथा शिक्षकगण एवं सहपाठी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं कर रहे हैं।

## शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जताया रोष



**चांदपुर।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की एक बैठक बसंती देवी धर्मशाला चांदपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता शिवसेना राज्य उपप्रमुख पंडित नरेश कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि दो ढ़ाई साल पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा चांदपुर शहर के अंदर धनौरा रोड जेपी पब्लिक स्कूल से बिजनौर रोड फादरसन स्कूल तक बनाई जानी थी। जिसका ढ़ाई साल पहले टेंडर भी हो चुका है और ठेकेदार द्वारा इसकी मिट्टी खोदकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से नंबर दो में बेच दी गई और उल्टा सीधा पत्थर डालकर ठेकेदार रफू चक्कर हो गया। अब उक्त उखड़ी रोड के कारण अनगिनत एक्सीडेंट हुए। कई लोगों ने अपनी जान तक गवां दी और उखड़ी सड़क के कारण चांदपुर के सभी व्यापारियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कोई कर्मचारी व अधिकारी सुनने के लिए तैयार नहीं है। शिवसेना राज्य उपप्रमुख पंडित नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि सड़क उखड़ने के कारण गड्ढे होने से स्कूटर मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहन पलट रहे हैं। जिसमें जान व माल की हानि हुई है और हो रही है। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो शिवसेना कलेक्ट्रेट बिजनौर में जिलाधिकारी के यहां धरना प्रदर्शन करेगी। बैठक में जितेंद्र कुमार, बंटी सहरावत, रितुल शर्मा, मुकेश लांबा, अतुल शर्मा, राजीव कुमार, भूपेंद्र कुमार, पंकज, संतोष कुमार आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

# मंडावर में चला सफाई अभियान

### चेयरमैन आसिफ उर्फ शान व ईओ ने भी की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कैम्प अंतर्गत मंडावर नगर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।



नगर पंचायत चेयरमैन आसिफ उर्फ शान और अधिशासी अधिकारी रामाश्रय के नेतृत्व में शुरू किए गए इस अभियान में नगर पंचायत के कर्मचारी और सभासद भी शामिल रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती, दो अक्टूबर से पहले आयोजित इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थानों, विशेष रूप से बस स्टैंड चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान देते हुए सफाई कार्य किया गया। चेयरमैन आसिफ उर्फ शान ने बताया कि यह अभियान दो अक्टूबर तक जारी रहेगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे इस स्वच्छता अभियान में सहयोग करें और पॉलीथिन का उपयोग बंद करें। साथ ही, कूड़ा-कचरा केवल निर्धारित स्थानों पर या नगर पंचायत की गाड़ी में ही डालें, ताकि नाले और नालियां अवरुद्ध न हों। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रामाश्रय, लिपिक राजकुमार बाबू, रामावतार, चंचल कुमार, अंकुर, नवनीत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। यह अभियान नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नशीली गोलियां रखने वाले को तीन साल की सजा

**बिजनौर।** चतुर्थ अपर जिला जज श्री श्री विजेन्द्र सिंह ने 225 प्रतिबंधित नशीली गोलियां रखने वाले अभियुक्त चन्द्रशेखर को तीन वर्ष कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजन दिनेश कुमार चौहान के अनुसार चांदपुर थाने में तैनात उपनीरिक्षक सुनीराम रंगा तथा उपनिरीक्षक मुकेश कुमार अन्य पुलिस बल के साथ गश्त करते हुए बास्टा रोड पर ईदगाह के पास पहुंचे तो मुखबिर ने दो व्यक्तियों द्वारा नशीली गोलियां बेचने की सूचना दी। पुलिस वाले मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचे और दबिश देकर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम चांदपुर थानान्तर्गत ग्राम लुहारपुरा निवासी सोनू पुत्र ओमप्रकाश तथा दूसरे ने अपना नाम चांदपुर थानान्तर्गत ग्राम लुहारपुरा निवासी सोनू पुत्र ओमप्रकाश तथा दूसरे ने अपना नाम ग्राम लुहारपुरा निवासी चन्द्रशेखर पुत्र डालचंद बताया। इनके पास से 225 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुईं। पुलिस ने विवेचना के बाद इस मामले में न्यायालय में चार्जशीट चन्द्रशेखर के नाम भेजी। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजेन्द्र सिंह ने अपराध सिद्ध पाकर अभियुक्त चन्द्रशेखर को नारकोटिक्स एक्ट की धारा 21 एवं 22 बी के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### जिला महिला अस्पताल में आशा कार्यकत्री से मारपीट

**बिजनौर।** जिला महिला अस्पताल में आज सुबह उस समय हंगामा हो गया, जब एक आशा कार्यकत्री के साथ अल्ट्रासाउंड कक्ष के स्टाफ ने मारपीट करते हुए उसके द्वारा लाई गई गर्भवती मरीज को धक्का दे दिया। मण्डावली सैदू ग्राम पंचायत में मौजा सुल्तानपुर टप्पा की आशा सरिता आज सुबह आठ व साढ़े आठ महीने को दो गर्भवती महिलाओं काजल व बुशरा को महिला अस्पताल लेकर पहुंची थीं। सरिता के अनुसार दोनों गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड होना था। अल्ट्रासाउंड के लिये आशा कई दिन से गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जा रही थी। सरिता के अनुसार आज सुबह जब वह महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कक्ष में ले गई, तो वहां मौजूद स्टाफ ने उनके साथ मारपीट की और एक गर्भवती महिला को धक्का दे दिया। इस बीच एक अन्य आशा ज्योति ने घटना का वीडियो बनाना चाहा, तो स्टाफ ने उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। घटना से आशा कार्यकत्रियों में रोष व्याप्त हो गया और वे अस्पताल के बाहर धरना देकर बैठ गई। आशाओं का आरोप है कि जिला महिला अस्पताल में कोई भी काम बिना पैसे के नहीं होता। सरिता के साथ भी इसीलिए मारपीट की गई कि वह अल्ट्रासाउंड के पैसे नहीं दे रही थी। धरने में शामिल आशा कार्यकत्रियों शमां, चंद्रो देवी, अनिता देवी, रूमा, हिना व मखनो देवी का कहना है कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, धरना जारी रहेगा।

### क्रिसेंट में स्काउट गाइड शिविर का समापन



**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में प्रशिक्षक पवन कुमार एवं प्रशिक्षिका कल्पना ने विद्यार्थियों को स्काउट गाइड से जुड़ी विविध शिक्षाएं दीं। शिविर में अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को अलग-अलग हाउसों में विभाजित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान सरोजिनी नायडू हाउस, द्वितीय स्थान किरण देवी हाउस तथा तृतीय स्थान रानी लक्ष्मी बाई हाउस ने प्राप्त किया। समापन अवसर पर छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रशिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर विद्यालय प्रबंधन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता का विकास करते हैं। स्काउट गाइड की सीख जीवनभर उपयोगी सिद्ध होती है। प्रशिक्षक पवन कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने पूरे शिविर के दौरान अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम की सफलता पर एक-दूसरे को बधाई दी। इस कार्य में प्रधानाचार्य नदीम भक्ति एवं शिक्षणेत्तर इंचार्ज शहजाद खान का विशेष सहयोग रहा।

**सूचना**

M/S - स्टार एण्टरप्राइजेज प्रोपराइटर फहीम अहमद निवासी काजी सराय नगीना, जिला बिजनौर, उ.प्र. अपने घर दुकान जा रहा था। रास्ते में एक फार्म 38 गिर गया है। जिसका नम्बर- 0070551 है। जिस किसी को मिले संपर्क करें।

**संपर्क:- फहीम अहमद पुत्र श्री शफीक अहमद**
**M/S - स्टार एण्टरप्राइजेज**
**टिन सं.- 09362206682**
**मोबाइन नंम्बर:-9675688786**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सि.डि. द्वितीय बिजनौर**
**घोषणात्मक दावा वाद**
**सं.**-802/2024

संगीता देवी पत्नी ताजकुमार निवासी ग्राम शेखपुर नवाबाद उर्फ अन्दलपुर, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर

**बनाम**

शिवम कुमार पुत्र ताज कुमार निवासी ग्राम शेखपुर नवाबाद उर्फ अन्दलपुर, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर हाल निवासी C/o विजयपाल सिंह निवासी खाईखेड़ा खैखेड़ा, जिला बिजनौर पिन कोड 246746

दरख्वास्त मुसम्मा संगीता देवी वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा संगीता देवी मुसबफा शिवम कुमार अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10.00 बजे हरगाह मुसम्मा घोषणात्मक दावा ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 27.10.2025 सन् 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त न्यायालय श्रीमान सि.डि.द्वितीय बिजनौर के उज्र हो, तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत मुकाम में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 27.10.2025

**प्रबंधक प्रस्तुतकार**
**अपर सिविल जज ( सी.डि. )**
**कोर्ट नं.-2 बिजनौर**

## एक नजर

### हादसे में स्कूटी सवार की मौत

**हल्दौर।** थाना नहटौर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर निवासी दिनेश कुमार बीती देर शाम स्कूटी पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी नायक नंगला से अपने घर लौट रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर स्थित गांव पैजनियां रामलीला मैदान के पास बाइक व स्कूटी की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से बिजनौर जिला अस्पताल भिजवाया। रास्ते में दिनेश कुमार की मौत हो गई। परिजनों ने बाइक चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : सुनील



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान सुरेन्द्र राणा की एजेंसी पर पहुंचे। जहां यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा किसान यूनियन बिजली के स्मार्ट मीटरों का खुलकर विरोध कर रही है। विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं का शोषण होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी कर उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने का वादा किया था, जो खोखला साबित हुआ। उन्होंने गन्ना मूल्य में वृद्धि करने की भी बात की। प्रदेश सरकार अपनी मनमानी मर्जी कर रही है। किसानों के साथ साथ आम जनता का उत्पीड़न हो रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह, मास्टर देवेन्द्र सिंह, अशोक धनकड़, सुरेन्द्र राणा, प्रशान्त चौधरी, मोनू चौधरी, कफील सैफी, मौहम्मद शमशेर, मीडिया प्रभारी डॉ. शमीम राही आदि किसान उपस्थित रहे।

### हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों का अनुपालन में नवरात्रि के शुभ अवसर पर आज महिला कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 (नारी, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र यादव के निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा मिशन स्कूल बिजनौर में पोश एक्ट के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 है, जो भारत में लागू एक कानून है, जिसका उद्देश्य सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना है। उत्पीड़न को रोकना और उससे निपटने के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से पात्रता बताते हुए आवेदन करने के लिए कहा गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विषय में पूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया गया कि एक हिंसा से पीड़ित महिला किस प्रकार सहायता प्राप्त कर सकती है और उपरोक्त नंबरों पर किस प्रकार अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है।

### बढ़ापुर का मुस्तकीम गिरफ्तार

**बढ़ापुर।** थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर दस वर्षों में गोकशी के अपराध में संलिप्त अपराधियों का सत्यापन कर उनके उनके विरुद्ध कार्यवाई हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में पुलिस ने बढ़ापुर के मुहल्ला नौमी निवासी मुस्तकीम पुत्र अब्दुल लतीफ को ग्राम गंजपुरा वाले रास्ते पर कब्रिस्तान से आगे आम के बाग के पास से एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

**नजीबाबाद।** कौडिया रेंज के रेंजर सचिन शर्मा द्वारा बताया गया कि आजह सुबह 7:00 बजे गुलदार पिंजरे में कैद होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जगनवाला के स्थानीय किसानों द्वारा सूचना उनको दी गई थी। वन विभाग की टीम में रेंजर कौड़िया रेंज सचिन शर्मा, डिप्टी रेंजर महिपाल सिंह, वनरक्षक दीपांशु, वनरक्षक हरमेंद्र कुमार इनके द्वारा गुलदार को जगनवाला से कोडिया रेंज लाया गया और उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। उच्च अधिकारियों के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दे किसानों की शिकायत पर जगन वाला में पिंजरा लगाया गया था। क्योंकि कई बार जगनवाला में गुलदार देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। आज सुबह जब किसान खेतों में पानी देने के लिए गए तो उन्होंने पिंजरे में गुलदार फंसा देखा। जिसकी सूचना उनके द्वारा वन विभाग को दी गई।

**NAJIBABAD DEGREE COLLEGE**
GAZIPUR BHAGWAN. MEDPURA
SULTAN (BIJNOR) 246762
Requires Principal.
Qualification - UGC Norms. Send Your Resume Within 15 Days.
Manager - 9027151127
Email :- ndc031956@gmail. Com

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र सलीम अहमद व नसीम अहमद व इन दोनों की पत्नियां व बच्चे मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और मेरी कोई खेर खबर नहीं लेते है। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने सलीम अहमद व नसीम अहमद व इन दोनों की पत्नियों व बच्चों से ताल्लुक वास्ता समाप्त करके इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**-अब्दुल करीम पुत्र अल्लादिया उस्मानी, मौहल्ला तेलीयान, कस्बा व थाना बढ़ापुर, जिला बिजनौर**

**Mariam Girls College of Higher Education, Kiratpur (Bijnor)**
**Required for Principal & Art faculty**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Principal | - | 01 |
| 2. English (Lecturer) | - | 01 |
| 3. Drawing & Painting (Lecturer) | - | 01 |
| 4. Education (Lecturer) | - | 01 |
| 5. Sociology (Lecturer) | - | 01 |
| 6. Economics (Lecturer) | - | 01 |

Qualification & Salary as per U.G.C. Regulation Norms. Apply with the documents and recent photograph within 7 days from the date of Publication of advertisement.
Email - roopesh1978t@gmail.com
**Manager**

## एक नजर

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रैली निकाली



**बिजनौर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में कृष्णा फार्मेसी कालेज द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जिला चिकित्सालय बिजनौर से शुरू होकर जजी चौक, शास्त्री चौक सिविल लाइन होते हुए पोस्ट ऑफिस पर संपन्न हुई। रैली का उद्घाटन कालेज प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार और प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में छात्रें ने फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करते हुए ईस्ट और वेस्ट में फार्मासिस्ट सबसे बेस्ट, जब तक सूरज चांद रहेगा, फार्मासिस्ट तेरा नाम रहेगा आदि प्रभावशाली नारे लगाए। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में फार्मासिस्टों के योगदान और महत्व को जागरूक करना था। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न करने में फार्मेसी स्टाफ और रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। फार्मेसी स्टाफ डा. दशरथ सिंह, शहीर अहमद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, मौ. खालिद, तारिक सिद्दीकी, दीपक कुमार गुप्ता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### माता रानी की चौकी का आयोजन



**धामपुर।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी माता रानी की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक डॉ. जितेंद्र कौशिक और निर्मला कौशिक ने माता रानी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक सहित समिति की सदस्य शशिबाला शर्मा, सुदेशबाला शर्मा, कल्पना जैन, आशा, सुनीता गोस्वामी, गरिमा, विमला भटनागर, पूजा शर्मा, तारा जोशी, यमुना, परी, रानी सैनी, अनिता, कविता, खुशी, सृष्टि आदि मौजूद रहीं। सभी ने मां के सुंदर भजनों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम का समापन माता रानी की आरती से हुआ। इसके बाद सभी को माता का श्रृंगार और फलों व मेवे का प्रसाद वितरित किया गया।

### विदुर ब्रांड स्टोर का शुभारंभ



**नहटौर।** विकास खंड परिसर में स्थित विदुर ब्रांड स्टोर का क्षेत्र विधायक ओमकुमार, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस मौके पर शुभ स्वयं सहायता समूह की संचालिका नीलम देवी ने विदुर ब्रांड के उत्पादों के बारे में जानकारी दी। विदुर ब्रांड के उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि विदुर ब्रांड के उत्पाद मानकों के अनुरूप बनाए जाते हैं। विदुर ब्रांड के उत्पादों में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होती। यह उत्पाद पूरी तरह से शुद्ध होते है। इस मौके पर लता रानी, शीतल देवी, गोविंद सिंह, राजकुमार सिंह, अतुल कुमार, कपिल प्रधान, मंजीत सिंह, दीनदयाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### समना सराय में रामलीला मंचन शुरू



**शेरकोट।** नगर के मौहल्ला समना सराय में चल रही प्राचीन रामलीला मंचन का भव्य उद्घाटन बीती शाम धामपुर गन्ना सोसाइटी के चेयरमैन रामवीर सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर रामलीला मंचन देखने के लिए भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड धामपुर सर्कल शेरकोट डायरेक्टर रणजीत सिंह दारा ने मुख्य अतिथि रामवीर सिंह, सर्किल नामित डायरेक्टर रोहतास व सर्किल नहटौर कृष्ण कुमार के पुत्र का स्वागत करते हुए उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मंचन स्थल पर उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी शेरकोट मण्डल के महामंत्री शिव कुमार एवं गन्ना सोसाइटी के डायरेक्टर रणजीत सिंह दारा ने कहा कि आज रामवीर सिंह ने यहां आकर हम सभी कमेटी के लोगों का मान सम्मान बढ़ाया है, जिसके लिए हम सदैव उनके आभारी रहेंगे। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला मंचन के दौरान श्रीराम जी के जीवन से जुड़ी विविध घटनाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया जाएगा। रामलीला के मंचन में क्षेत्र के कई कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय नागरिकों ने रामलीला के शुभारंभ को नगर की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बताया और आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### सर्पदंश पखवाड़े पर सीएचसी में गोष्ठी



**स्योहारा।** अंतरराष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत सीएचसी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने की। डॉ. स्नेही ने बताया कि सर्पदंश का समुचित इलाज सीएचसी में उपलब्ध है और एंटी स्नेक वेनम एएसवी पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज से कई लोगों की जान बचाई जा चुकी है। गोष्ठी में सर्पदंश के लक्षण प्राथमिक उपचार और बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांप काटने पर रोगी को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाकर हिलने-डुलने से बचाना चाहिए और बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना चाहिए। झाड़-फूंक जड़ी-बूटी या चीरा-चिप्पी जैसी परंपरागत पद्धतियाँ खतरनाक हैं। सर्पदंश से बचाव के लिए उन्होंने सलाह दी कि लोग हमेशा बंद जूते पहनें, अंधेरे में बाहर जाते समय टॉर्च का प्रयोग करें।

# सफाई कर्मचारियों और इंस्पेक्टर में भिड़ंत

## सफाई इंस्पेक्टर मंदिर के शौचालय में छिपे, पालिकाध्यक्ष तथा ईओ ने किया हस्तक्षेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के डाकघर रोड पर आज सुबह माहौल गर्मा गया जब सफाई कर्मचारियों और सफाई इंस्पेक्टर के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। अचानक हुए इस हंगामे से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में इधर-उधर भागते नजर आए।



सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि सफाई इंस्पेक्टर उनसे जबरन सुविधा शुल्क की मांग करता है। कर्मचारियों का कहना है कि शुल्क न देने पर उन्हें ऐसे स्थानों पर काम करने के लिए भेजा जाता है, जहां अतिरिक्त मेहनत और परेशानी होती है। इसी मुद्दे को लेकर आज सुबह डाकघर रोड पर सफाई के दौरान विवाद हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बहस के दौरान सफाई इंस्पेक्टर ने कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे गुस्साए सफाई कर्मचारी भड़क उठे और इंस्पेक्टर को घेरने लगे। हालात बिगड़ते देख इंस्पेक्टर भागते हुए शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी स्थित शौचालय में जाकर छुप गया। पीछे-पीछे पहुंचे कर्मचारियों ने इंस्पेक्टर को तलाशा, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

इसके बाद नाराज सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए और जोरदार प्रदर्शन करने लगे। कर्मचारियों का कहना है कि इंस्पेक्टर ने अपने ऊपर गंदगी खुद डालकर झूठा आरोप लगाने की कोशिश की है, ताकि उन पर मामला पलट दिया जाए।

उल्लेखनीय है कि धामपुर नगर पालिका में पिछले कुछ समय से दो सफाई इंस्पेक्टर तैनात हैं। आपसी वर्चस्व की लड़ाई के चलते अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है, जिसका खामियाजा कर्मचारियों और नगर की सफाई व्यवस्था को भुगतना पड़ता है। हंगामे की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी और अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल तुरंत कार्यालय पहुंचे और नाराज कर्मचारियों से वार्ता की। कर्मचारियों को शांत कराने के लिए अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि विवादित सफाई इंस्पेक्टर का जल्द ही स्थानांतरण कर दिया जाएगा। इस भरोसे के बाद कर्मचारियों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

इस मौके पर प्रधान संजेव चैनवाल, महामंत्री आशीष पवार, उपाध्यक्ष मंजीत चौनवाल, मंत्री राजू, संगठन मंत्री धीरज, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बबलू, सुधीर चैनवाल, अजय, राहुल, सुनील पवार, अमर दीप सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड निपुण जांच शिविर



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट गाइड रोवर्स/रेंजर्स निपुण जॉच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और प्रार्थना से हुई। रोवर निजामुद्दीन ने ध्वजारोहण किया। रोवर्स प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने प्रतिभागियों को अनुशासन के महत्व से अवगत कराया। वहीं रेंजर्स प्रभारी डॉ. भावना वत्सल ने बताया कि स्काउट एक शैक्षिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं का चरित्र निर्माण, जिम्मेदार नागरिक तैयार करना और आत्मनिर्भरता व नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। डॉ. अमित कुमार ने छात्रों से लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन का पालन करने की अपील की। प्रशिक्षक सुश्री मंजीता सिंह (जनपद अमरोहा) और जिला स्काउट प्रशिक्षक महेंद्र सिंह ने खोज चिन्ह और वर्षा ताल की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. रशिम शर्मा रावल ने सभी रोवर्स व रेंजर्स को कैंप की सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र चौधरी, डॉ. हर्ष कुमार, प्रो. एसएल पाल, प्रो. स्वराज सिंह, प्रो. रामकुमार सिंह, प्रो. ओपी मौर्य, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. विनय दुआ समेत कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। कैंप में रोवर्स हर्षित माहेश्वरी, धीरज माहेश्वरी, आशीष कुमार, पवन, रोहित, मोहित, नवनीत, गौरव, महेंद्र, शिवकुमार और रेंजर्स अंजु, पिंकी रानी, तनु रानी, रितिका, सोफिया परवीन, सेजल रुहेला, मुस्कान, दिव्या चौहान आदि शामिल हुए।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई



**स्योहारा।** मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान स्थित कुरी हाउस पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने अपने समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ देश के पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर केक काटकर और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। आदिल चौधरी ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह का जीवन युवाओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वे एक सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने पद की गरिमा और ईमानदारी का हमेशा पालन किया। उनकी सादगी, विनम्रता और कर्मठता ने राजनीति की दिशा को नई सोच दी। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने देश को नई-नई सौगातें दीं, जिनमें मनरेगा योजना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम और परमाणु समझौता जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की और विकास की नई राह दिखाई उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। क्योंकि उन्होंने राजनीति को कभी लाभ-हानि का साधन नहीं माना, बल्कि इसे सेवा का माध्यम बनाया। डॉ. सिंह को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक गंभीर ईमानदार और दूरदर्शी नेता के रूप में पहचाना गया। विश्व की तमाम शक्तिशाली ताकतों ने उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने न सिर्फ भारत की आर्थिक छवि को बदला, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाई। उनकी सादगी और साफ छवि आज भी करोड़ों भारतीयों के दिलों में बसी हुई है।

## स्योहारा के दो ग्रामों में जुए का अवैध कारोबार

### कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्योहारा व नूरपुर थाना क्षेत्र में कई अलग-अलग स्थानों पर जुए का अवैध कारोबार जोरों पर है। खुलेआम चल रहे इस अवैध धंधे से जहां एक ओर सामा. जिक वातावरण दूषित हो रहा है। वहीं युवा वर्ग का भविष्य चौपट होने के साथ-साथ तमाम परिवार बर्बादी की कगार पर खड़े नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं इस अवैध धंधे के चलते युवा वर्ग में चोरी आदि की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है।

स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम ठाठजट व राजा का ताजपुर में अवैध रूप से जुए के कारोबार में लिप्त युवाओं के कुछ परिजनों ने इस कारोबार में संलिप्त माफियाओं की दबंगता के डर से नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ग्राम ठाठजट में शमशान घाट वाले मार्ग पर खेत में बाकायदा पिन्नी का तंबू लगाकर इस अवैध काम को अंजाम दिया जा रहा है। यहां दोपहर से देर शाम तक पैदल सहित दो पहिया व चार पहिया वाहनों से इस अवैध कारोबार में शामिल तमाम लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। सूत्रों की माने तो यहां इस अवैध कारोबार में प्रतिदिन लाखों रुपए के वारे न्यारे होते हैं।

वहीं राजा का ताजपुर में भी जुआरियों द्वारा लाखों रुपए का जुआ खेले जाने की सूचनाएं प्राप्त होती रहती हैं। यहां भी जुआरी पैदल अथवा वाहनों से आकर इस अवैध धंधे में शामिल होते हैं। जुए के इस अवैध कारोबार में संलिप्त माफिया दबंग किस्म के बताए जाते हैं। नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों एवं कई विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि गणमान्य अथवा सामाजिक व्यक्ति इस अवैध धंधे में धंसते जा रहे हैं। युवाओं का कोई पीड़ित परिजन इन जुआ माफियाओं से इस धंधे को न करने के लिए कहता है या शिकायत करने की बात करता है तो इन दबंग अवैध कारोबारियों द्वारा शिकायतकर्ता को धमकाया जाता है और भुगत लेने की धमकी देते हुए अपनी पहुंच ऊपर तक बताए जाने की बात कही जाती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि स्थानीय पुलिस टीम के संज्ञान में जब यह शिकायत लाई जाती है तो उनकी तरफ से जुआरियों के खिलाफ कार्यवाही हेतु कोई खास कदम नहीं उठाया जाता है। नाम न बताने वाले बहुत से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित उच्चाधिकारियों से इस ओर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए इस अवैध धंधे को अविलंब बंद कराए जाने की मांग की है।

## जीएसटी घटने का फायदा व्यापारियों और आम जनता को: अशोक राणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में घटाई गई जीएसटी को लेकर भाजपा विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र अरोड़ा उर्फ राजू भाई के निवास पर एक भव्य सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा ने शिरकत की और उपस्थित व्यापारियों तथा आम नागरिकों को संबोधित किया।

श्री राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार आम जनता के हितों में कार्य कर रही है। जीएसटी की दरों में की गई कमी से न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य हमेशा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को आगे बढ़ाना है। विधायक अशोक कुमार राणा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सक्रिय और जुझारू नेताओं में गिने जाते हैं। वे जनता की समस्याओं को सुनने और तुरंत समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा है। श्री राणा लगातार विकास कार्यों की निगरानी करते रहते हैं और उनका प्रयास रहता है कि क्षेत्र की जनता को सरकार की हर योजना का लाभ समय पर मिले। सभा के दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार की हर योजना का लाभ स्योहारा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा, श्वेत रस्तोगी, आशु टाइगर समेत नगर के अनेक गणमान्य व्यापारी भाजपा कार्यकर्ता और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने विधायक अशोक राणा और भाजपा विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र अरोड़ा का जोरदार स्वागत किया।

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में चल रही पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव और उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा ने खिलाड़ियों को झंडी दिखाकर किया।



**200 मीटर दौड़ में शिवम कुमार प्रथम**

200 मीटर दौड़ (सीनियर बालक वर्ग) में शिवम कुमार (आरएसएम इंटर कॉलेज, धामपुर) ने प्रथम स्थान, सतीश कुमार (पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय, बेनीपुर कोपा) ने द्वितीय स्थान और अयान अंसारी (गांधी इंटर कॉलेज, मनकुआ) ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर वर्ग की 200 मीटर दौड़ में शोभित कुमार (जनता इंटर कॉलेज, मुकरपुरी) प्रथम, सुधांशु जोशी (आरएसपी, स्योहारा) द्वितीय और जीशान (आरएसपी इंटर कॉलेज, स्योहारा) तृतीय रहे।

5000 मीटर (सीनियर बालिका पैदल दौड़) में चांदनी (मनकुआ) प्रथम, दिशा (आरएसएम इंटर कॉलेज, धामपुर) द्वितीय और पल्लवी (कन्या इंटर कॉलेज, धामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। त्रिकूद (बालक वर्ग) में निखिल (केएम इंटर कॉलेज, धामपुर) ने बाजी मारी। इसी प्रकार 5000 मीटर (सीनियर बालक पैदल चाल) में शिवम कश्यप, मौहम्मद इस्माइल और मनीष कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। जूनियर बालिका ट्रिपल जंप में मिशु रानी, अमरीन और रिया सैनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। लंबी कूद प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में यशी चौहान, कनक और मिताली सैनी ने बाजी मारी। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में निशु रानी, गरिमा चौहान और कृतिका विजेता रहीं। 100 मीटर (सीनियर बालिका वर्ग) की दौड़ में डिंपल, संध्या और कसक ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका लंबी कूद में नीरज, रिया और स्वाति विजेता बनीं। सीनियर बालक लंबी कूद में प्रिंस कुमार, आहद मलिक और प्रशांत कुमार ने टॉप-3 में जगह बनाई। 100 मीटर (सब जूनियर बालिका वर्ग) में शिफा, अलीशा और लावण्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालिका 100 मीटर दौड़ में सुहानी, लेविसा और तमन्ना विजेता बनीं। खेलों का सफल संचालन व्यायाम शिक्षक रंजीत सिंह, सुनील कुमार, इकबाल साहब, कुमारी अंजली, ऋतुराज सिंह, विजेंद्र सिंह, सोमदेव सिंह, सत्येंद्र कुमार, संतोष कुमार, दीपक शर्मा और विद्यालय स्टाफ की देखरेख में हुआ। मंच संचालन व्यायाम शिक्षक राजेंद्र सिंह सोलंकी और विकास कुमार अग्रवाल ने किया।

## एक नजर

### पंडित दीनदयाल की जयंती मनाई



**नजीबाबाद।** लाला मग्धू शरण सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय समिति के जिला अध्यक्ष डॉ. आमोद अरोड़ा, नगराध्यक्ष अंकुर कुमार गोयल, कार्यक्रम अध्यक्ष राजन टंडन गोल्डी, विद्यालय के प्रबंधक अनंत कुमार, आशू, अग्रवाल, नमन गुप्ता, रितेश सेन, श्रीमती पूनम वर्मा, श्रीमती संतोष आदि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पार्चन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। विद्यालय के भैया-बहिनों द्वारा स्वागत गीत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला।

### विशाल रैली एवं फार्मासिस्ट सम्मेलन



**बिजनौर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा एक विशाल रैली एवं फार्मासिस्ट सम्मेलन का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती वन्या सिंह, औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती, डॉ. अंकित सैनी प्रधानाचार्य कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, तुषार वशिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रैली का प्रारंभ जिला चिकित्सालय से नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जैन धर्मशाला पर समाप्त हुई। रैली में जनपद के सैकड़ों की तादाद में फार्मासिस्ट सड़कों पर 'जहां दवा वहां फार्मासिस्ट' के नारे लगाते दिखाई दिए। जैन धर्मशाला के प्रांगण में फार्मासिस्ट सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी श्रीमती रितु रानी, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी शुभम सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में औषधि निरीक्षक उमेश भारती, एस. के. अमोली चीफ फार्मासिस्ट जिला चिकित्सालय, राज. ेश रवि चीफ फार्मासिस्ट जिला चिकित्सालय, डॉ. राखी आनंद अग्रवाल नजीबाबाद, वरिष्ठ डेंटिस्ट डॉ. रोहन चौधरी, डॉ. कार्मेंद्र सिंह, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. नवनेश कोठारी, डॉ. प्रिया कोठारी, डॉ. आयुष अग्रवाल, सोनू चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष भाकियू, पंडित विभूति विनायक गौड ज्योतिषाचार्य विशेषज्ञ आदि उपस्थित रहे।

### तार चोर गिरफ्तार, माल बरामद



**रेहड़।** थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने मिलक जनपद रामपुर से अजीज अहमद पुत्र कबीर अहमद निवासी नयागांव थाना मिलक जनपद रामपुर, राशिद पुत्र लियाकत व असीम पुत्र जमील अहमद निवासीगण मौहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना मिलक जनपद रामपुर को चोरी गए माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी अय्यूब पुत्र रहीस अहमद निवासी इस्लामनगर थाना मिलक जनपद रामपुर, फिरासत पुत्र रहमत अली, कासिफ पुत्र विरासत, आकाश पुत्र लालाराम, महेश पुत्र गोकिल भंडारी निवासीगण फिरोजपुर थाना शाही जनपद बरेली व इमरान उर्फ गप्पी पुत्र नामालूम निवासी गांव सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर के साथ 11/12 सितंबर 25 की रात रेहड़ में स्थित मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के गोदाम में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से दो बंडल तार, दो कटर तार एल्युमिनियम, दो बंडल जिनमें एक की लंबाई 19 मीटर व दूसरे की लंबाई 25 मीटर है। तारों की गोलाई 4 इंच है, बरामद किया गया है। तीनों आरोपितों का चालान कर दिया गया है।

### महिला सुरक्षा पर विशेष फोकस



**नगीना।** मिशन शक्ति के पंचम चरण के अंतर्गत थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम हीरावाली स्थित कस्तूरबा गांधी जूनियर हाई स्कूल में मिशन शक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की भावना जागृत करना रहा। इस अवसर पर छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानक. ारी दी गई, जिनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावरलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस सेवा, 108 सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। प्रतिभागियों को किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने तथा नारी सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग की तत्परता के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक जोगेन्द्र बेंसला, महिला उपनिरीक्षक सपना तोमर, है. का. रेशमा चौधरी, का. धर्मेन्द्र कुमार, होमगार्ड कोमल, प्रेमवती के अलावा लगभग 100 छात्राएं एवं 05 अध्यापिकाएं मौजूद रही।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**स्योहारा।** जुम्मे की नमाज को लेकर नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। कानून व्यवस्था पर पैनी निगाह रखने के लिए थाना स्योहारा पुलिस द्वारा आज मुख्य मार्गों, गलियों और बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश यादव व एसएसआई सुरजीत सिंह ने किया। इस दौरान एसआई असगर खान, एसआई धर्मेंद्र, एसआई प्रमोद शर्मा सहित पुलिस टीम मौजूद रही। साथ ही कांस्टेबल प्रभात शर्मा, पंकज और भजनलाल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस फोर्स ने कस्बे के प्रमुख स्थलों से होकर मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि शांति व भाईचारे को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस हर हाल में नगर में अमन-चैन बनाए रखेगी और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है।

# खनन निरीक्षक के साथ अभद्रता कर छुड़ाया मिट्टी भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** खनन निरीक्षक के साथ अभद्रता करने के आरोप में नगर पंचायत के सभासद पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि खनन अधिकारी के खिलाफ भी आरोपी की ओर से सोशल मीडिया पर वायरल की है जो जमकर टोल हो रही है। जनपद के खनन निरीक्षक शिवम कुमार को अमरोहा सीमा के निकट स्थित ग्राम ज्ञानपुर में अवैध रूप से खनन कर भराव करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही खनन निरीक्षक पहुंच गए और ज्ञानपुर के पास जांच करने लगे। इसी बीच मिटटी का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली को रोककर खनन के अभिलेखों की मांग की लेकिन उसके पास कोई प्रपत्र नहीं मिले। आरोप है कि जांच के दौरान अमित गुजर नामक व्यक्ति वहां पहुंच गया और खनन निरीक्षक के साथ दुर्व्यवहार करते हुए अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने लगा। जबकि झूठे आरोप लगाकर वीडियो बनाते हुए अधिकारिक कार्यवाही में बाधा उत्पन्न की। इस दौरान भीड़ एकत्र हो गयी। आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली दुड़ाकर ले गया।



सम्भल। नगर में अमन और कानून व्यवस्था के संदेश के साथ फ्लैग मार्च करते एएसपी।

# जिले के 74 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से लाभान्वित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

- मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण में वितरित किए प्रमाण पत्र
- लम्बित आवेदनों को अतिशीघ्र अग्रसारित कराने के निर्देश

**सम्भल।** उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित राज्य पोषित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रथम चरण में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 26 सितम्बर, को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण समारोह का शुभारम्भ किया।

राज्य पोषित पूर्वदशम छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण समारोह का सजीव प्रसारण प्रातः 11:00 बजे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों मे छात्र/छात्राओं को दिखाये जाने के निर्देश दिये गये थे। जनपद सम्भल के अन्य पिछड़ा वर्ग के पूर्वदशम् छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत 2586 छात्र/छात्राओं को 55.58 लाख रूपये एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 योजनान्तर्गत 880 छात्र/छात्रओं को 26.88 लाख रूपये की धनराशि का अन्तरण बैंक खातों मे किया गया। जबकि जनपद सम्भल में अल्पसंख्यक वर्ग के पूर्वदशम् छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत 398 छात्र/छात्राओं को 11.87 लाख रूपये एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 योजनान्तर्गत 289 छात्र/छात्रओं को 9.11 लाख रूपये की धनराशि का अन्तरण बैंक खातों मे किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, द्वारा द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज, लहरावन, प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक, कार्यालय के वरिष्ठ सहायक आदित्य मिश्रा, कनिष्ठ सहायक भूपेन्द्र सिंह सैनी, कम्प्यूटर ऑपरेटर साजिद अली एवं छात्र/छात्राओं के साथ आयोजित छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण समारोह का सजीव प्रसारण में प्रतिभाग किया गया। कार्याक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा छात्रत्ति वितरण के उपरान्त राजकीय इण्टर कॉलेज, लहरावन, विकास खण्ड बहजोई, जनपद सम्भल को शासन द्वारा वितरित की गयी 74 छात्रा/छात्राओं को छात्रवृत्ति का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य सी.पी. सिंह को निर्देश दिया गया कि संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन पत्रें को अतिशीघ्र आनलाइन कराते हुए अग्रसारित करना सुनिश्चित करें, जिससे सरकार द्वारा 31 दिसम्बर को वितरित की जाने वाली द्वितीय चरण की छात्रवृत्ति से छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया जा सकें। सभागार में छात्र/छात्राओं को शिक्षा के महत्व एवं भविष्य में उसकी उपयोगिता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया और मेहनत से पढाई कर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति करने हेतु प्रेरित किया गया।

# जिले की पांच नदियों के पुनरूद्धार पर कार्य करने के निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

- जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक में की गयी चर्चा

**सम्भल।** जिला पर्यावरणीय समिति/जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक में ठोस अपशिष्ट को लेकर चर्चा की और प्लास्टिक की रोकथाम के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के संबंध में चर्चा की गयी। प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम के लिए क्या कार्य किए जा रहें हैं उसकी जानकारी प्राप्त की गयी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में इस पर कार्य करें। बायो मैडीकल वेस्ट के निस्तारण के संबंध में भी चर्चा की गयी। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित अधिकारी इस पर मिलकर कार्य करें। वृक्षारोपण को लेकर चर्चा की गयी। जियो टैग को लेकर ऐसे विभाग जिनका जियो टैग अभी शेष है उनको शतप्रतिशत जियो टैग कराने के निर्देश दिए।प्रभागीय वनाधिकारी ने माह के प्रत्येक तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल आयोजित किये जाने को लेकर भी मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस पर चर्चा की गयी। घाटों के रखरखाव को लेकर चर्चा की गयी। घाटों की साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नदियों के पुनरुद्धार के अन्तर्गत जनपद की 5 नदियों के पुनरुद्धार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कैच द रैन एवं ट्रेंच खुदाई को लेकर चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी,अधिशासी आकिारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी, आदि मौजूद रहे।

# नगर में अमन शांति व कानून व्यवस्था के संदेश के साथ निकला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

- असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने का दिया संदेश

**सम्भल।** नगर में अमन शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जवानों ने नगर के मुख्य मार्गो पर फ्लैग मार्च किया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने नागरिकों से त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी संदेश दिया कि यदि किसी ने समाज में वैमनस्यता फैलाने की कोशिश की तो प्रशासन ऐसे लोगों से सख्ती से निपटेगा। उन्होने कहा कि अगर किसी ने अमन शांति और भाईचारे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने कहा कि किसी भी तरह की कोई भी अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। साथ ही किसी भी घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन देकर कानून और शांति व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करें। पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है। फ्लैग मार्च में उपनिरीक्षक व कांस्टेबिल शामिल रहे।

## कल्कि महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के भी होंगे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी माह कल्कि महोत्सव में स्थानीय कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।इसके लिए उन्हे अपनी सूचना मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के कार्यालय में देनी होगी। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि सम्भल कल्कि महोत्सव का आयोजन 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक बड़ा मैदान बहजोईर्द में होगा। निर्धारित व्यवस्थाओं के तहत इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस की परखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने शहजादी सराय स्थित ई.वी.एम वी. वी. पैट वेयर हाऊस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि व्यवस्थाओं की जांच की। जबकि ईवीएम भण्डार कक्ष को चेक किया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को कक्षों एवं भवन की साफ सफाई कराने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही संबंधित को दीमक ट्रीटमेंट कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी एवं नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।



बबराला- नदियों की स्वच्छता के लिए जागरूक करती छात्राएं।

# ध्वनि में परिवर्तित कर स्वर और व्यंजनों का निर्माण करती है माता कुष्मांडा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 91 वीं कड़ी के पांचवें दिन जिला साधना प्रमुख आनंद सैनी व वविता सैनी द्वारा माँदुर्गा के चोथे स्वरुप माता कुष्मांण्डा को चार वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी ध्वजा नारियल फल मेवा अष्टगंधा शुद्ध घी व शहद से दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की।

आध्यात्मिक गुरु पं. राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की बृह्माण्ड के जनेलोक व देव दुर्लभ मानव शरीर के कोढ़ी प्रदेश मे स्थित अनहद नाद चक्र से उठने बाली त्रिगुणात्मक ध्वनि को जो प्रकाश ताप और कम्पन से बनकर उठती को में षठकोणे कमल आसन पर विराजमान माता कुष्मांडा ध्वनि को सातो स्वर और व्यंजन अक्षरों में परिवर्तित कर शब्द और वाक्य बनाने हेतु अपने उपर के जगत महरूलोक को प्रेषित करती है। जिससे बोल चाल की भाषा शैली कि रचना होती है। इस मौके पर डा. सुरेश चन्द्र सैनी रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन आकाश सैनी नरेश सैनी ज्वालेश श्रीमाली आनंद सैनी पार्थ शर्मा भीकम सरन लाला भूकनलाल किशन आर्य लक्ष्मन सिंह राकेश सैनी जितेन्द्र गुप्ता योगी देवांश मोहन ने कराई महाज्योत वंदना व महिला मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 18 पुरुष 16 महिलाएं मिली शुगर रोगी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रोटरी क्लब संभल मिडटाउन के तत्वावधान में 12 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शुगर और रक्तचाप के रोगों का परीक्षण किया।

सिद्धि हॉस्पिटल, हल्लू सराय, में आयोजित 12 दिवसीय मुफ्त शुगर एवं बीपी जांच का एक विशाल शिविर 20 सितंबर से 1 अक्तूबर तक आयोजित किया गया है। शिविर का संचालन डा. प्रशांत वार्ष्णेय द्वारा किया जा रहा है। शिविर के सातवें दिन तक कुल 350 मरीजों की शुगर और बीपी की जांच की जा चुकी है। इनमें से 18 पुरुषो और 16 महिलाओं कुल 34 मरीजों में पहली बार शुगर की बीमारी और 45 पुरुष 41 महिलाओं कुल 86 मरीजों में पहली बार उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की पहचान किए गए रोगियों को उचित इलाज और



सम्भल- रोटरी क्लब के स्वास्थ्य शिविर में रोगी की जांच करते।

जीवनशैली सुधार के बारे में परामर्श दिया। शिविर में कई गरीब मरीजों को मुफ्त परामर्श उपलब्ध कराया गया ,रोटरी क्लब के अध्यक्ष और सिद्धि हॉस्पिटल के फिजिशियन और हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने बताया आज भारत डायबिटीज की दुनिया की राजधानी है ,और इसका मुख्य कारण प्रतिस्पर्धा की वजह तनावपूर्ण जिंदगी, खाद्य पदार्थों में केमिकल का प्रयोग,जंक फूड ,मोटापा, सिगरेट शराब का बढ़ता प्रचलन, व्यायाम नहीं करना, और अनुवांशिक है। इसलिए इस शिविर का उद्देश्य समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं ऐसे लोगों को उपचार उपलब्ध कराना है, जो नियमित जांच नहीं करा पाते। डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने कहा कि शिविर में मरीजों की जांच के साथ जागरूकता भी दी जा रही है ताकि लोग अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को समय पर समझ सकें।लाभार्थियों मरीजों व उनके परिजनों ने क्लब और अस्पताल के प्रति आभार जताया है रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन और सिद्धि अस्पताल ने जनता से अधिाक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने की अपील की है। इस स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में रोटरी क्लब के सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिनमें अवधेश वार्ष्णेय, प्रिया रतन आर्य, सुमित अग्रवाल, टिंकू टंडन, वेद चहल, गौरव वार्ष्णेय, आलोक गुप्ता, नीरज भारद्वाज, शिवांश अग्रवाल, हरदीप क्विटी, आदि मौजूद रहे।

# नदियों की स्वच्छता को किया जागरूक

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में नदियों के प्रति जागरूकता को लेकर 'राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की छात्रओं को राजघाट गंगा का भ्रमण एवं स्वच्छता कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम की नोडल शिक्षिका नेहा यादव ने देखरेख में छात्राओं ने राजघाट पर पेंटिंग बनाई और आसपास के लोगों को गंगा जी की स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया। छात्रओं ने पोस्टर और स्लोगन के माधयम से राजघाट पर रैली निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में गंगा स्वच्छता की शपथ के साथ की गई। छात्रओं ने राजघाट पर पहुंचकर सबसे पहले गंगा जी और दुकानों के पास एकत्रित पॉलीथिन और गंदगी की सफाई की। छात्राओं ने नदियों के किनारे रखी हुई मूर्तियों को भी उठाकर मंदिर के पास रखा। कार्यक्रम का समापन भी प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने राजघाट पर गंगा स्वच्छता की शपथ के दिलाई।इस दौरान स्टाफ व छात्राएँ मौजूद रहीं।

# मनमोहक झांकियों संग निकली श्रीराम बारात

- परम्परागत मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पर हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

नगर के शंकर चौराहा स्थित मानस मंदिर में शोभायात्रा की विधिवत पूजा अर्चना पं. अवनीश शास्त्री द्वारा की गई। जबकि समाजसेवी डा. अरविंद गुप्ता, भाजपा के जिला अध्यक्ष चौ. हरेंद्र सिंह, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल एवं प्रबंधक वैभव गुप्ता आदि की मौजूदगी में अतिथियों द्वारा नारियल फोड़कर श्रीराम बरात की शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीगणेश की झांकी, शिव तांडव, योगी शंकर की झांकी, बाहुबली हनुमान की झांकी, काली का अखाड़ा, मां दुर्गे की झांकी, राधा-कृष्ण की नृत्य नाटिका, शेषनाग की झांकी, भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता का स्वरूप साथ लक्ष्मण, भरत और गुरु के स्वरूप में रामलीला मंचन के कलाकार और बैंड बाजा मुख्य आकर्षण रहे। शोभायात्र अपने परम्परागत मार्गो से होते हुए प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर से होती हुई, रामलीला मैदान कोट पूर्वी में संपन्न हुई, जहां भगवान श्री राम जी का मां सीता के साथ विवाह संपन्न हुआ।इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल बताया कि भगवान श्री राम की बरात धर्म, आदर्श और विजय की यात्रा हैं। श्री राम और माता सीता का यह दिव्या मिलन संपूर्ण समाज को प्रेम, त्याग और आदर्श जीवन का संदेश देता है अर्थात हम सभी भगवान श्री राम के संपूर्ण चरित्र का अनुसरण रामलीला मंचन के माध्यम से करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक वैभव गुप्ता, कमल दिवाकर, उमेश सैनी, संजीव दिवाकर, अनुराग गुप्ता, पिंकू त्यागी, अनुराग गुप्ता, उमेश सैनी, शोभित शास्त्री, अमित गुप्ता, शोभित सरार्फ, शोभित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, उज्ज्वल सक्सेना,उमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बढ़ती जा रही हैं जावेद हबीब ओर उसके बेटे की मुश्किलें

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** धोखाधड़ी कर रकम लेकर फरार प्रसिद्व हेयर स्टाईलिस्ट जावेद हबीब की मुश्किले कम होती नजर नहीं आ रही है। जावेद हबीब ओर उसके बेटे के विरूद्व धोखाधड़ी मामले में पुलिस अधीक्षक से मिले पीड़ितो ने के के विशनोई से आरोपी की गिरफ्तारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। उधर पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने पीड़ितों को कानूनी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। जबकि आरोपी के मामले में दर्ज रिपोर्ट की जांच तेजी से करने के साथ उसके खिलाफ गैंग स्टर की कार्यवाही करने का संकेत दिया। एसपी ने बताया कि जावेद हबीब और उसके बेटे ने लोगों से करीब छह लाख रूपये ऐंठे हैं।बिट क्वाइन के जरिये लोगों से रकम निवेश करायी और ढाई साल का समय बीत जाने के बाद भी किसी को एक भी रूपया वापस नहीं किया है। जबकि उसे पते पर पुलिस टीमें भेजे जाने की जानकारी दी।

# गुन्नौर क्षेत्र में मच्छर कर रहे रातों की नींद हराम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मच्छरों ने लोगों की रात की नींद उड़ा रखी हैं ।इन पर दवा का छिड़काव व मच्छर मार धुएँ का प्रयोग किये जाने की मांग लोगों ने की है। प्रशासन फॅगिंग की व्यवस्था करे। अनुराग यादव ने कहा कि






हम मच्छरों की तादाद बढ़ गई है। जिनके काटने पर शरीर पर ददोरे भी पड़ जाते हैं। इसके साथ ही तेज जलन भी होती है। इनसे बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है। निहाल सलमानी ने कहा कि मच्छरों की संख्या में प्रतिवर्ष इजाफा होता जा रहा है। पहले क्षेत्र में इतने मच्छर नहीं थे। मच्छरों का आकार भी छोटा था लेकिन अब बड़ा डांस मच्छर है। राजवीर सिंह ने कहा कि नालों की सफाई प्रतिदिन की जाए। दवा का छिड़काव फागिंग कराई जाए। नीरज वार्ष्णेय ने कहा कि पूरे दिन दुकान पर काम करके घर आते हैं।लेकिन रात को भी मच्छर आराम नहीं करने देते हैं। इनके प्रकोप को रोकने के लिए कारगर उपाय होने चाहिए।

## आधार कार्ड बनवाने व संशोधन कराने को लग रही भारी भीड़

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर के पोस्ट आफिस पर नए आधार कार्ड बनवाने एवं आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए स्कूली बच्चों सहित महिलाएं पुरुषों की लंबी-लंबी लाइने देखने को मिल रही है। सुबह से ही स्कूली बच्चों एवं उनके अभिभावक एवं अन्य लोग भी अपने अपने आधार कार्ड बनवाने एवं आधार कार्ड में संशोधान करने के लिए पोस्ट अक्फिस पर आ पहुंचते हैं और जबकि पोस्ट आफिस अपने निर्धारित समय के बाद खुलता है भूखे प्यासे स्कूली बच्चे सुबह से लेकर शाम तक लाइनों में बैठे रहते हैं और अपना नंबर ना आने के बाद लोग मायूस होकर वापस कर लौट जाते हैं और अगले दिन फिर सुबह से अपने नंबर आने की प्रतीक्षा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कई स्थानों पर लोग पहुंचते हैं लेकिन घंटो गुजारने के बाद नम्बर नहीं आने की जानकारी देकर उन्हे वापस लौटा दिया जाता है।



सम्भल- नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय का फीता काटकर लोकापण करते छात्रायें।

# हवन पूजन के साथ नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय का लोकार्पण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विनियमित क्षेत्र की अवस्थापना विकास निधि से नवनिर्मित नगर मजिस्टट के कार्यालय का हवन पूजन के साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूली दो बालिकाओं ने फीता काटकर लोकार्पण किया। शहजादी सराय स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायालय परिसर में विनियमित क्षेत्र सम्भल की अवस्थापना विकास निधि द्वारा नव निर्मित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय का निर्माण कराया गया है। शुक्रवार को नवनिर्मित भवन का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालय की दो बालिकाओं द्वारा विधि विधान पूर्वक एवं मंत्रोच्चारण कर फीता काट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट सम्भल सुधाीर कुमार, एडीशनल एसपी कुलदीप सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, उप जिलाधिकारी विकास चन्द, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह एवं एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रीराम वन गमन देख दर्शकों की आंखों से छलके आंसू

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर की रामलीला में श्रीराम वनवास लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला के दृश्य देखकर उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला में महिला मंडल द्वारा आरती की गयी। जिसमे महिलाओं ने श्रीराम का तिलक किया। रामलीला मंचन में वनवास प्रसंग के दौरान जब श्रीराम, लक्ष्मण और सीता वन की ओर प्रस्थान करते दिखाए गए, तो पूरा पंडाल ह्जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। दर्शकों ने मंचन को अत्यंत भावनात्मक और प्रभावशाली बताया। रामलीला नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक बन चुकी है। इस अवसर पर अरविंद, एसके सोनी, प्रशान्त वार्ष्णेय, डिम्पल वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय आदि रहे।

# पांचवें दिन स्कंदमाता की आराधना

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

- ममता का प्रतीक है मां का यह रूप

**बबराला।** नगर में मंदिरों में देवी की पूजा अर्चना की गई।पण्डित हरेश बाबू शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के पांचवें दिन देवी स्कंदमाता की पूजा की जाती है। कहते है की इनकी कृपा दृष्टि से व्यक्ति को विद्या और ज्ञान का वरदान प्राप्त होता है। भगवान स्कन्द देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। भगवान स्कंद माँ की गोद में बालरूप में विराजमान है। इनकी चार भुजाएं हैं और दाए हाथ में माँ पुत्र स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। माँ के एक हाथ में कमल का फूल तो दूसरे हाथ की भुजा वरमुक्ता में है। कमल के आसन पर विराजमान माँ का रंग सफेद(श्वेत वर्ण) है। कमल पर विराजमान होने के कारण इनका एक नाम पद्मासना भी पड़ा। सिंह इनका वाहन है।ममता का प्रतीक माँ का यह रूप भक्तो को प्रेम का आशीर्वाद देता है। घर पर शाम को देवी के भजन गाये जा रहे हैं।

# विजन डॉक्यूमेंट के लिए दें सुझाव

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मोतियाबिंद से होने वाले अंधत्व की मुक्ति के उददेश्य के साथ शिविर का आयोजन किया गया।

बबराला में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने किया एवं निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भी फीता काटकर शुभारंभ किया जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में शहर को एक उत्कृट एवं जागरूक जिला बनाने की अपील की। उन्होंने मोतियाबिंद से होने वाले अंधात्त्व को दूर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के लिए सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान साइटसेवर इंडिया एवं चोलामंडलम फाइनेंस लिमिटेड का आभार जताया और कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्राचीन वेदों पर भी प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि वेद जीवन के हर पक्ष को छूते हैं। प्रत्येक नागरिक हमारे लिए देवतुल्य है। जिलाधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान की भी जानकारी दी।उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के लिए 12 सेक्टर में से किसी भी क्षेत्र में सभी लोग अपने सुझाव दें।

# घर में फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा मेहंदी का तिराहा इलाके में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान आशा पत्नी मोहम्मद अज्जू कुरैशी, मूल निवासी पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पाकर थाना गलशहीद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घर से साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला की मौत संदिग्ध लग रही है। कई लोगों ने दबी जुबान में घरेलू कलह की आशंका भी जताई। वहीं पुलिस ने मृतका के पति मोहम्मद अज्जू कुरैशी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की सही जानकारी स्पष्ट हो पाएगी।थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। यदि पूछताछ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई संदिग्ध तथ्य सामने आते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति: महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जनपद सम्भल में समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन और पुलिस संपर्क नंबर जैसे 1090, 112, 1076, 181, 1930 आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर बताया गया। प्रमुख बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल और डेमो के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने का संदेश दिया गया।

# स्कूल से लौट रही छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**कांठ ( शाह टाइम्स )** मिशन शक्ति फेस 5 अभियान के अंतर्गत स्कूल से अपने घरों को लौट रही छात्राओं को थाने के पास रोक कर जागरूक किया गया। महिला मिशन शक्ति प्रभारी ने बालिकाओं को हेल्प लाइन नंबर एवं अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सड़क पार करते वक्त रुक कर पहले दोनों और देखना चाहिए उसके बाद खाली सड़क मिलने पर ही सड़क पार करें रेलवे फाटक यदि बंद है तो फाटक खुलने का इंतजार करें बंद फाटक पर रेलवे लाइन को पार करना खतरे भरा सफर हो सकता है। उन्होंने महिलाओं से संबंधित अपराधों के बारे में छात्राओं को जागरूक करने का काम किया और कहा कि सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार होता है उन्होंने विषम परिस्थिति में सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया और कहा कि तुरंत इन नंबरों पर कॉल करें पुलिस आपकी मदद करने के लिए हर समय तैयार रहेगी।

इस मौके पर आधा दर्जन से ज्यादा छात्राएं मौजूद रही।

## एक नजर

### पंचायत में चलीं लाठियां, तीन घायल

**भोजपुर।** गुरूवार को गांव पीपलसाना में पंचायत के दौरान दबंगों ने तीन भाईयों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण शानू पुत्र रईस ने बताया कि गांव पीपलसाना में आपसी विवाद निपटाने के लिए सुलतान पुत्र मौ यासीन के घर पंचायत हो रही थी।इसी दौरान असलम व नुर इस्लाम पुत्र शकुर , सईद पुत्र कद्दुस, सरताज पुत्र नुर इस्लाम , मौहल्ला शाही मस्जिद पीपलसाना गंदी गालियां देने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने भरी पंचायत में मुझे और मेरे भाईयों शमशेर व गुलशेर को लाठी डंडों से मारा पिटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। हमारे खुली व गुम चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत वीआरडीएस इंटरनेशनल एकेडमी के छात्रों को दी गई जानकारी




**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मिशन शक्ति अभियान के तहत वीआरडीएस इंटरनेशनल एकेडमी के छात्र-छात्राएं कोतवाली बिलारी में महिला पुलिस कर्मियों ने बच्चों को महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन नंबरों के माध्यम से जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है और समाज में जागरूकता फैलाकर किसी भी अनहोनी को पहले ही रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप ने बच्चों को अच्छी शिक्षा के महत्व, जागरूकता अभियान और मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज में सुरक्षा व जागरूकता का संदेश फैलाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक रोहन देव सामाजिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य और मिशन शक्ति अभियान के लिए शिक्षित होने की प्रेरणा दी

### खानपुर गांव में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बिलारी।** नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य पॉश अभियान एवं पोस्को एक्ट के प्रति किशोरियों, किशोरों एवं महिलाओं को जागरूक करने के लिए निष्ठा हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया।जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।प्रेम कुमार ने पोस्को एक्ट के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून जून 2012 में लागू किया गया था। इससे पूर्व किशोरियों के साथ होने वाली अनावश्यक एवं अपराधपूर्ण घटनाओं को रोकने के लिए एक सख्त कानूनी प्रावधान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस एक्ट के तहत यौन अपराधों की रोकथाम, जांच एवं दंड व्यवस्था को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जो किशोरियों को सामाजिक एवं कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम में रूपकिशोर यादव प्रवन्धक देवेन्द्र सिंह,अखिलेश यादव,अनिल यादव,बबलु यादव,ज्योति प्रजापति, विकास यादव, ज्योति,शिवानी यादव,रेनू कुमारी,कुमारी क्रांति आदि ने भाग लिया।

### भगतपुर क्षेत्र में चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान



**भगतपुर।** विकास खण्ड भगतपुर में शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मलेरिया एवं डेंगू प्रभावित ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान का शुभारम्भ किया गया। जिसमें सफाई कर्मचारियों को समूह के रूप में सफाई अभियान करते हुए ग्राम पंचायत में जल भराव, झाड़ी कटाई, कूड़े के ढेर हटाने का कार्य किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी भगतपुर टांडा अमर सिंह के द्वारा हमीरपुर, डूंगरपुर का भ्रमण किया गया एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज कुमार सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत रानीनागल, विलाकुदान, सरदार नगर इत्यादि गांव का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखी गई। सफाई कर्मी कार्य करते हुए पाए गए।

# धूमधाम से निकली राम बारात



**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के मुख्य बाजार में चल रही दशहरा की रामलीला में शुक्रवार को राम बारात का आयोजन किया गया जिसमें रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी न्यारी जैसे भजनों के साथ भगवान राम की बारात निकाली। जगह-जगह भगवान श्रीराम पर पुष्पवर्षा की गई। भगवान राम के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। साथ ही आतिशबाजी से सुरजननगर झूम उठा। श्री रामलीला कमेटी के द्वारा बाजार में स्तिथ शिव मंदिर से प्रभु श्रीराम की बारात निकाली। बारात का उद्घाटन रामलीला कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, ग्राम प्रधान वीर सिंह, कैलाश,सुनील कुमार रामस्वरूप सिंह, आदि ने किया। शिव मन्दिर के गेट से शुरू हुई भगवान श्रीराम की बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुन अपने गुरु के साथ आगे बढ़े। बारात शिव मंदिर के गेट से शुरू होकर सुरजननगर के मुख्य मार्गो होते हुए वापस शिव मंदिर पर संपन्न हुई। भगवान राम की बारात में भगवान शामिल रहे। सुरजननगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र पधान ने बताया की शानिवार को रामलीला के मंच पर श्री राम जानकी विवाह,जानकी विदाई, अवधियां, कैकई मंथरा संवाद,दसरथ कैकई संवाद ओर वरदान का लीला मंचन होगा।

# ग्राम पंचायत करनपुर में यज्ञ कार्यक्रम का समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्राम पंचायत करनपुर के राजस्व ग्राम वीरूवाला में आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ कार्यक्रम का अंतिम दिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों ने यज्ञ में आहुति दी और पंडित सुदेश कुमार शर्मा ने वेद मंत्रों का उच्चारण किया। यज्ञ के माध्यम से सभी ग्रामवासियों ने गांव और देश की खुशहाली एवं तरक्की की ईश्वर से प्रार्थना की। यह यज्ञ नवरात्रों में प्रतिवर्ष किया जाता है और इस वर्ष भी इसका आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गजेंद्र सिंह आचार्य, ग्राम पंचायत करणपुर के प्रधान पति डॉक्टर बाबू सिंह, पूरन सिंह, देवराज सिंह, गजेंद्र सिंह वैद्य जी, सोहन सिंह, कुमर पाल सिंह, मास्टर हरपाल सिंह, मास्टर रामपाल सिंह, महेंद्र सिंह, अवनीश कुमार, सत्येंद्र कुमार, टिंकू, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे। हवन यज्ञ के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों ने एक साथ मिलकर भगवान की भक्ति की और अपने गांव और देश की समृद्धि की कामना की। यज्ञ कार्यक्रम के समापन के साथ ही सभी ग्रामवासियों ने एक दूसरे को बधाई दी और भगवान की कृपा की कामना की।

## एसएम कॉलेज में लैंगिक संवेदनशीलता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में शुक्रवार को लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक परिवारवाद समिति के अंतर्गत लैंगिक संवेदनशीलता एवं उत्पीड़न विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अनुराधा ने की। मुख्य अतिथि संगीता भार्गव ने छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति-5.0 के बारे में जानकारी देते हुए लैंगिक उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु संचालित टोल फ्री नंबर 1090, 181 और एंटी रोमियो स्क्वाड के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि के सुझाव पर कॉलेज के प्राचार्य डा. हेमंत कुमार ने तत्काल पावर एंजेल ग्रुप का गठन किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य डा. नेहा, डा. सुरभि यादव, डा. अंजू, डा. कादम्बरी मिश्रा, डा. प्रीती चौधरी, डा. अजय कुमार अस्थाना, डा. अजय प्रकाश, प्रो. ए.पी. सिंह, डा. दीप कुमार श्रीवास्तव, डा. नीरज मलिक, डा. स्कंद, डा. महेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को मंदिर में नवरात्रि के उपलक्ष्य में माँ दुर्गा की अखण्ड ज्योति को व माँ दुर्गा की प्रतिमा को लेकर ग्राम सुरजननगर की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे 101 महिलाओं ने यात्रा में शिरकत की। उन्होंने सिर पर कलश लेकर जयनगर की रामगंगा का जल कलश में लेकर सुरजननगर के मुख्य मार्गों की परिक्रमा कि। कलशयात्रा से पूर्व सुबह में पंडित और उनके साथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान किया गया।

माँ दुर्गा की प्रतिमा ओर अखण्ड ज्योति को गंगाजल, अन्न आदि से सराबोर करने के बाद उनकी विधि विधान से पूजा की गई। । पंडित ने कहा कि मूर्ति में प्रतिष्ठा अर्पित करने के लिए विधि विधान जरूरी है। बगैर प्रतिष्ठा के भगवान की प्रतिमा की पूजा संभव नहीं होती है। कलश यात्रा के गंगा जल से शनिवार को मूर्ति को स्नान कराया गया। यजमान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से उसकी पूजा की गई। विभिन्न मंत्रों से पूजा करने पर उनमें शक्ति का संचार होगा। फिर लोगों द्वारा मूर्ति की पूजा सामान्य रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में अखण्ड ज्योति को जीवंत बनाने के लिए पहले उनमें शक्ति की प्रतिष्ठापना होती है। अनुष्ठान के जरिए मूर्ति को शाक्तिमान बनाया जाता है। समाजसेवी खुब सिंह सैनी ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान की उपासना से शरीर को शक्ति तो मन को शांति मिलती है। भगवान में परमात्मा का वास होता है। परमात्मा के इसी रूप को मन में धारण कर पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

# छजलैट ब्लॉक की ओर से नवनीत विश्नोई ने कबड्डी में मारी बाजी, सांसद ने किया पुरस्कृत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, के तत्वाधान में जनपद स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन सोनपुर स्टेडियम में किया गया जिसमे लम्बी कूद, दौड,बॉलीवॉल ,कबड्डी खो- खो की प्रतियोगिताएं की गई। समापन अवसर पर सांसद रुचि वीरा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि मेरा युवा भारत के अंतर्गत समस्त विकास खण्डों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई एवं विकास खंडों की विजेता टीमों ने जनपद स्तर पर प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता मुख्य रूप से उन युवाओं के लिए समर्पित है जो खेलों के प्रति रुचि रखते हैं, लेकिन उन्हें खेलने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलता, कार्यक्रम सहायक रंजीत कुमार सैनी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को सांसद रुचि वीरा द्वारा ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी वर्ग में छजलैट की टीम विजेता एवं ठाकुरद्वारा उप विजेता रहे। छजलैट ब्लॉक की और से नवनीत विश्नोई ने अच्छा प्रदर्शन किया। सांसद रुचि बीरा ने खिलाड़ियों को बधाई दी ओर भविष्य में और भी अधिक अवसर प्रदान करने के लिए भरोसा दिलाते हुए विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। चंद्रसिंह चंचल ,मोनी, विकास कुमार, भुवनेश, नदीम आदि का सहयोग रहा।

# बिना तलाक दिए रचाई दूसरी शादी, एसएसपी के आदेश से मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** पत्नी को तलाक दिए बिना पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली एसएसपी के आदेश से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है थाना कांठ क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा निवासी मवासी की पुत्री की शादी 17 फरवरी 2016 को लोकेंद्र पुत्र प्रीतम निवासी जीरो वाली मंडिया थाना चांदपुर जिला बिजनौर से हुई थी। बताया गया कि उसे बिना बताए पति ने मोनी नाम की महिला से शादी कर ली जिसमें पीतम, रविंद्र पुत्र प्रीतम, नीतू, कमल, राजवीर, कुलदीप पुत्रगण ध्यान सिंह निवासी नवलपुर चांदपुर बिजनौर का सहयोग रहा। इसकी जानकारी उसे 29 अगस्त को मुरादाबाद कचहरी में प्रीतम व कमला द्वारा दी गई तो वह 20 सितंबर को पुलिस लेकर अपने पति के यहां पहुंची वहां जाकर पता लगा के उसके पति लोकेंद्र व उसकी पत्नी मोनी से एक पुत्री भी है।

बताया गया कि लोकेंद्र ने मोनी को अपनी पत्नी होना स्वीकार किया। महिला एसएसपी के पास पहुंची और उसने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की, महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# राजकीय आईटीआई में 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम आयोजित

**चन्दौसी।** शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और जागरूक बनाना है। कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा चन्दौसी इंदु रानी एवं एसआई रामदुलारे सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई डॉ. नरेंद्र सिंह पाल ने महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक भाषण देते हुए कहा कि मिशन शक्ति समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आज की नारी शिक्षित और आत्मनिर्भर बन रही है, और हमें उन्हें मंच और सम्मान देना चाहिए। कार्यक्रम में जागरूकता सत्र, प्रश्नोत्तर और मिशन शक्ति से जुड़ी चर्चा आयोजित की गई।

# मेंटल स्ट्रेस में मेडिटेशन रामबाण की मानिंद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में मनोचिकित्सा विभाग की एचओडी प्रो. प्रेरणा गुप्ता बोलीं, एग्जामिनेशन, फ्रेंडशिप, वर्कलोड आदि तनाव के प्रमुख कारण हैं। स्ट्रेस होने पर देखा जाता है कि प्राय: लड़कियों में शॉपिंग और लड़कों में नशा करने की लत लग जाती है। स्ट्रेस सदैव नकारात्मक ही नहीं, बल्कि सकारात्मक भी होता है। जब स्ट्रेस एक सीमा से ज्यादा हो जाता है तो वह हमारे लिए निगेटिव हो जाता है। नकारात्मक स्ट्रेस से निपटने के लिए उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, सही समय पर काउंसलिंग लें। विशेषकर स्टुडेंट्स के बदलते व्यवहार के प्रति फैमिली के संग-संग फ्रेंड्स और टीचर्स को स्टुडेंट्स पर फोकस करना चाहिए। प्रतिदिन योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें। हमेशा सकारात्मक सोच बनाए रखें। अपनी हॉबीज को समय दें और डिजिटल डिटॉक्स से बचें। डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े ने कहा, आज के इस युग में जब तनाव और मानसिक दबाव हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनते जा रहे हैं, ऐसे समय में ऐसे व्याख्यान स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उप प्राचार्य डॉ अंकिता जैन ने कहा, डेंटल स्टुडेंट्स और फैकल्टीज को संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण से जीवन जीने के लिए तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य सरीखे विषय की गहन समझ जरूरी है।

कार्यकम में डॉ. शलभ मल्होत्रा, डॉ. हरितमा निगम, डॉ. जैनुल, डॉ. सौभाग्य अग्रवाल के संग-संग डेंटल का छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिटस मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा संस्था महाराजा अग्रसेन सेवा समिति मौहल्ला बाजार चौक निकट चिराग ज्वैलर्स बिलारी, जिला मुरादाबाद का प्रबन्धक / महामंत्री दर्शाते हये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनसार सर्वश्री, 1. शिव कुमार- संरक्षक, 2. नवनीत गर्ग संरक्षक, 3. आशु बंसल अध्यक्ष, 4. नितिन कुमार गोयल उपाध्यक्ष, 5. मनोज कुमार अग्रवाल प्रबन्धक/ महामंत्री, 6. सचिन गोयल उपप्रबन्धक/ मंत्री 7 चिराग अग्रवाल- कोषाध्यक्ष, 8. राजेन्द्र कमार बंसल सदस्य गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र कौशल को गलत आचरण/ गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में कौशल के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**भगवत सिंह पुत्र मुखराम सिंह व श्रीमती राधा देवी पत्नी भगवत सिंह निवासीगण मोहल्ला नवाबपुरा छडियों का मैदान तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**नामपरिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री तनवी राठौर के स्कूल सर्टिफिकेट में मेरा नाम शिशराम SHEESHRAM त्रुटिवश दर्ज हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम शिशराम SHISHRAM है जोकि सही है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। शिशराम पुत्र रामवीर सिंह, मकान नंबर 521, सेक्टर 10, आवास विकास , बुद्धि विहार मुरादाबाद।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गिन्दौडा**

**विकास खण्ड-मुरादाबाद ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां वित्त/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 26.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गिन्दौडा विकास खण्ड मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्षराज्य वित्त, पंद्रहवां वित्तयोजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 03.10.2025को 2.0 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राषि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 03.10.2025को अपराहन 2.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की संख्या | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राइमरी स्कूलमें प्लोर टाइल्स निर्माण। | - | 408504/- | 8170/- | 225/- | 4 माह |
| 2 | पशु अस्पताल से विजय के घर तक नाला निर्माण। | - | 382651/- | 7653/- | 225/- | 4 माह |
| 3 | विजेन्द्र के घर से होमियोपैथिक हास्पिटलतक मिटटी एवं सी0 सी0 टाइल्स निर्माण। | - | 280091/- | 5602/- | 225/- | 4 माह |

**शर्तें-**

1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत गिन्दौडा**

**विकास खण्ड मुरादाबाद, मुरादाबाद**

# महानगर में जुमे की नमाज पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, ड्रोन से की गई निगरानी

**मुरादाबाद।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस और प्रशासन अधिकारी पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहे है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जामा मस्जिद इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। प्रदेशभर में हाल ही में सामने आए आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद जिला प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है।

इसी कड़ी में जुमे की नमाज से पहले ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जामा मस्जिद इलाके में सुरक्षा घेरा इतना मजबूत रखा गया कि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न पैदा हो सके। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा और मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर मौजूद रहे।



जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एडीएम सिटी ज्योति सिंह, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया और सिटी मजिस्ट्रेट सहित प्रशास. निक अमला जामा मस्जिद पहुंचा। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।नमाज के दौरान खुफिया तंत्र भी सक्रिय रहा और ड्रोन से इलाके की निगरानी की गई। पुलिस ने पहले से ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग कर मार्गों को नियंत्रित किया, जिससे यातायात प्रभावित न हो और नवरात्र के पावन मौके पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिकारियों की कड़ी निगरानी और पुलिस की मुस्तैदी के चलते जामा मस्जिद में जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगामी त्यौहारों के दौरान भी जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अफवाह या अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज संपन्न होने से शहरवासियों ने राहत की सांस ली।

# फिर चला न्याय का हंटर

## पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दो वर्ष का कठोर व चार वर्ष का साधारण कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिला न्यायालय संभल द्वारा लैंगिक अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उन्हें कठोर दंड दिया जा रहा है। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में लगभग एक दर्जन से अधिक अपराधियों को आजीवन कारावास, बीस वर्ष और दस वर्ष की सजा सुनाकर स्पष्ट संद. `श दिया है कि अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। शुक्रवार को अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, अवधेश कुमार सिंह ने अभियुक्त प्रताप सिंह के विरुद्ध मु0अ0सं0 594/2018 के तहत फैसला सुनाया। यह मामला 17 नवंबर 2018 का है, जिसमें पुजारी की नाबालिग बेटी के साथ चुन्नी मोहल्ला, चन्दौसी में छेड़खानी और बुरी नजर का मामला सामने आया था। पीडिघ्त बालिका ने घटना अपने घर जाकर अपनी मां को बताई। अदालत ने प्रताप सिंह को धारा 354क व धारा 08 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दोषी पाया, उसे दो वर्ष का कठोर कारावास और 500 रुपये का जुर्माना, साथ ही धारा 08 के तहत चार वर्ष का साधारण कारावास और 5000 रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई गई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह द्वारा पुरानी और लंबित शिकायतों का भी तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। उनके फैसलों से अपराधियों में खौफ का माहौल बना है और पीडिघ्तों को न्याय दिलाने में न्यायालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## एक नजर

### मिशन शक्ति 0.5 कार्यक्रम के तहत छात्रा को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया



**बिलारी।** आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा में आज मिशन शक्ति 0. 5 कार्यक्रम के अंतर्गत कुमारी पूजा यादव कक्षा 12 की छात्रा को एक दिन का प्रधानाचार्य के पद पर आसीन करते हुए उसे प्रधानाचार्य संबंधी समस्त कार्य को कराया गया। इस अवसर पर कॉलेज की सहायक लिपि श्रीमती शिवप्रिया ने कुमारी पूजा यादव प्रधानाचार्य को कॉल उत्सव विकास संबंधी पत्रावली दिखाइए उसके बाद उन्होंने शिक्षकों की बैठक ली और पठन-पाठन के बारे में समीक्षा की। इस अवसर पर छात्रों में खुशी की लहर थी और उन्होंने योगी आदित्यनाथ की सरकार को महिलाओं के और छात्रों के हित में किया जा रहे प्रयासों की सराहना की । नवरात्रि में मिशन शक्ति कार्यक्रम को सभी छात्राओं ने अच्छा प्रयास बताया मिशन शक्ति कार्यक्रम की कॉलेज की नोडल प्रभारी श्रीमती डॉक्टर अनुपम गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सरकार की योजनाओं को और मिशन शक्ति के कार्यक्रम की योजनाओं को आगे बढ़कर लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने इस अवसर पर छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

## छात्रा रिमशा मलिक बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य



**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 (विज्ञान वर्ग) की छात्रा कुमारी रिमशा मलिक को एक दिन का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन ने उन्हें नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी। पदभार ग्रहण करने के बाद एक दिन की प्रधानाचार्य रिमशा मलिक ने विद्यालय की प्रार्थना सभा संपन्न कराई और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने और आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उसी पहल के अंतर्गत उन्हें यह अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन और अन्य सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रही हैं और यह समाज के लिए गौरव की बात है। रिमशा मलिक ने कक्षाओं का निरीक्षण कर शैक्षिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछे और अध्यापकों को निर्देशित किया कि आगामी अर्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए गंभीर प्रयास हों। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन विद्यालय की निर्धारित ड्रेस में ही आएं। कार्यक्रम में विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक दिन की प्रधानाचार्य का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से टेंपू पलटा, तीन छात्राएं घायल



**कुन्दरकी।** थाना कुंदरकी से महज 10 कदम की दूरी पर शुक्रवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हाईटेंशन लाइन का तार अचानक आग लगने के बाद टूटकर आगराखनेशनल हाईवे पर गिर गया। तार काफी देर तक हाईवे पर लटका रहा, जिससे आने-जाने वालों में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान कुंदरकी की ओर से छात्रों से भरा एक टेंपो मौके से गुजर रहा था। चालक ने टूटे तार से टेंपो को बचाने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने से टेंपो पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार 3 छात्राएं घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक दो छात्राओं को मामूली चोटें आईं, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल है।

गनीमत रही कि टेंपो में सवार अन्य यात्री सुरक्षित रहे। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ, क्योंकि कई घंटों से तार में आग लग रही थी, लेकिन समय रहते उसे दुरुस्त नहीं किया गया। तार काफी देर तक लटका रहा विधुत बिभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नही पहुंचा।

## बीएलओ की लापरवाही से पंचायत निर्वाचक नामावली में गलतियों की भरमार

**ठाकुरद्वारा।** पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच ग्राम पंचायत 56 बहेड़ी ब्रह्मनान की बी.एल.ओ. के प्रयोगार्थ उपलब्ध कराई गई पंचायत निर्वाचक नामावली में दर्ज नामों की गलतियों ने ग्रामीणों को परेशान कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि नामावली में कई मतदाताओं के नाम गलत अंकित किए गए हैं। जैसेदृ राधेश्याम की जगह "राधोश्याम", राकेश की जगह "राकेशा", अंशु की जगह "अन्तु", और शिवकुमार की जगह "शाविकुमार" लिखा गया है। नाम में त्रुटियों के कारण मतदाता नाम संशोधन के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**बिलारी।** रामरतन इंटर कॉलेज के मैदान में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ।शुभारम्भ राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट के प्रधानाचार्य रघुपति देव व रामरतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम किशन संयुक्त रूप से किया। शुक्रवार को 100 मी सीनियर वर्ग विवेक कुमार प्रथम स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज से ,अभिषेक द्वितीय स्थान रामरतन इंटर कॉलेज से तथा रितिक तृतीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट ने प्राप्त किया। 100 मी जूनियर वर्ग में अरुण कुमार प्रथम स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज बिलारी, धर्मेंद्र कुमार द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज बिलारी तथा अस्तित्व तृतीय स्थान रामरतन इंटर कॉलेज बिलारी ने प्राप्त किया। 100 मी सब जूनियर दौड़ में जीवेश कुमार ने प्रथम स्थान डॉ देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज बिलारी, अभिषेक कुमार द्वितीय स्थान लक्ष्मण सरस्वती इंटर कॉलेज बिलारी तथा रोहित कुमार ने तृतीय स्थान रामरतन इंटर कॉलेज बिलारी से प्राप्त किया। 200 मी दौड़ सीनियर वर्ग में उमेश कुमार प्रथम स्थान लक्ष्मण सरस्वती विद्या मंदिर बिलारी, कपिल द्वितीय स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तथा विपिन तृतीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट ने प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में मुकेश कुमार प्रथम स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज बिलारी,द्वितीय स्थान कृष रामरतन इंटर कॉलेज, अनूप तृतीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट ने प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ सब जूनियर वर्ग अंकुश मौर्य प्रथम स्थान लक्ष्मण सरस्वती विद्या मंदिर बिलारी,जितेंद्र कुमार द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज, रोहित कुमार तृतीय स्थान रामरतन इंटर कॉलेज में प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ सीनियर उमेश कुमार प्रथम स्थान लक्ष्मण सरस्वती इंटर कॉलेज बिलारी, वीरू द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट, सुमित तृतीय स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज बिलारी ने प्राप्त किया। 400 मीटर जूनियर वर्ग अवनीश प्रथम स्थान कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुरक. ाशी, मनोज द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट,बलविंदर सिंह तृतीय स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज बिलारी ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ सब जूनियर रिशु यादव कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज बिलारी, प्रथम स्थान प्रेम सिंह द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट , अंकुश मौर्य तृतीय स्थान लक्ष्मण सरस्वती इंटर कॉलेज बिलारी ने प्राप्त किया। लंबी कूद सीनियर वर्ग में विनय प्रथम स्थान लक्ष्मण सरस्वती इंटर कॉलेज बिलारी, अभिषेक द्वितीय स्थान राम रतन इंटर कॉलेज बिलारी, तृतीय स्थान प्रियांशु कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी ने प्राप्त किया। लंबी कूद जूनियर वर्क दीपक प्रथम स्थान लक्ष्मण सरस्वती इंटर कॉलेज, अरुण द्वितीय स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज बिलारी, परमजीत तृतीय स्थान कृषि औद्योगिक बिलारी, लंबी कूद सब जूनियर वर्क नेपाल प्रथम स्थान कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी, सूर्याश द्वितीय स्थान लक्ष्मण सरस्वती विद्या मंदिर बिलारी, जीवेश तृतीय स्थान डॉक्टर देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज बिलारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर खेल प्रभारी रणविजय सिंह, योगेंद्र कुमार वर्मा ,रामवीर सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, बिपलब जायसवाल, आनंद कुमार सिंह, पंकज सक्सेना, विवेक यादव, सुदेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

## डिप्टी एसपी ने की नगर में लोगो से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में एसडीएम ,डिप्टी एसपी व कोतवाली प्रभारी व भारी पुलिस बल के साथ नगर में अपराध नियन्त्रण, कानून एवं शान्ति, सुरक्षा व्यवस्था व जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत नगर के ब मुख्य मार्गो पर पैदल फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। नगर में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में व उत्तरखंड के काशीपुर में हुए आई लव मोहम्मद के प्रकरण को लेकर ठाकुरद्वारा पुलिस अलर्ट मॉड पर दिखाई दी जिसमें जुम्मे की नमाज को शांति पूर्वक संपन्न करने की अपील की गई।

इस दौरान एसडीएम प्रीति सिंह , डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह व कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के कोतवाली गेट बुधबाजार, शगुन चोराहा, बाजार गंज,कदीर तिराहा, चलचित्र ढाल कमलापुरी चोराहा एसडीएम कोड रोड पर पैदल मार्च निकाल कर के शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी अफवाह नही फैलाने की बात कही है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही है।



# नगर में चोरी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर में चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। बीती रात मोहल्ला कायस्थान, नसीर हलवाई की गली निवासी शहजादे पुत्र चंदा खां के घर में चोर घुस आए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी खंगाल डाली और उसमें रखी एक लाख रुपये की नगदी तथा करीब एक लाख रुपये की कीमत के चार मोबाइल चोरी कर लिए। चोरी की वारदात के दौरान पूरा परिवार घर में मौजूद था और सोता रहा। सुबह घटना का पता चलने पर परिवार के होश उड़ गए। मोहल्ले में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और वारदात की चर्चा करते रहे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में रोष और भय का माहौल बना हुआ है। नगर में इस तरह की चोरियां आम बात हो गई हैं।

# चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**कुंदरकी।** को हाजी झंडा खान मेमोरियल इंटर कॉलेज काजीपुरा कुंदरकी में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जूनियर वर्ग में बॉबी सागर प्रथम स्थान तथा सीनियर वर्ग में कुमारी रोशनी ने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें उपस्थित कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर तुफैल अहमद ने बच्चों को सम्मानित किया और सभी बच्चों की चित्रों को देखकर खूब सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में जागरूकता आती है और प्रतिभा का उभार होता है कॉलेज के प्रवक्ता रामपाल सिंह ने कहा की ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्र छात्राओं में बेझिझक कार्य करने की क्षमता



बढ़ती है और प्रधानाचार्य सलीम अहमद ने कहा कि ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं से बच्चों में उनकी प्रतिभाओं का उभर होता है और समाज में स्वच्छता का जागरूकता का संदेश जाता है और समाज जागरूक होता है कार्यक्रम का आयोजन जुनैद अहमद में किया तथा इस मौके पर हनीफ खान,रजा अब्बास तमसील अहमद ,रेशमा खानम अर्जुमंद, जुल्फिकार हुसैन इफ्तिखार अहमद का सहयोग रहे।

## चोरी के मामले में अब तक नहीं हुई रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** दो दिन पूर्व नकब लगाकर नकदी व जेवरात सहित लाखों रूपये की चोरी कर अज्ञात चोर फरार हो गए थे। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा का किए जाने की मांग की थी। पुलिस ने चोरी घटना का खुलासा करना तो दूर पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तक नही की है। इससे पीड़ित परिवार में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चमरावाला निवासी इदरीश पुत्र कल्लू ने बृहस्पतिवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोर घर की पिछली दीवार को काटकर अंदर घुसे , दो कमरों में रखे सोने चांदी के आभूषण वह कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

## बिलारी में बोर्ड परीक्षा में टॉपर बेटियां बनीं एसडीएम और तहसीलदार



**बिलारी।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। तहसील बिलारी में मिशन शक्ति के अंतर्गत बोर्ड परीक्षा टॉपर्स बेटियों ने सांकेतिक रूप से एसडीएम और तहसीलदार की कुर्सी संभाली तथा जनसुनवाई की। एसडीएम के रूप में रितु गर्ग और तहसीलदार के रूप में इरम फातिमा तहसील पहुंचीं जहां एसडीएम विनय सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों बेटियों ने अपनी अपनी कुर्सी संभाली और जनसुनवाई शुरू की। जनसुनवाई में आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भी लिखा। इसके बाद एसडीएम और तहसीलदार के रूप में बेटियों ने पूरे तहसील परिसर का निरीक्षण भी किया तथा विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों पर पहुंचकर वहां होने वाले विभागीय कार्य और जनहित की योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। एसडीएम ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि बेटियों को सरकारी सेवाओं के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण पदों से जुड़े कार्यों की जानकारी मिले साथ ही उनमें सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का भाव भी जागृत हो।

## सिगरेट के पैसे मांगने पर बुरी तरह मारपीट कर किया घायल

**बिलारी।** मल्लपुर सिधारी गांव के आयुष चौधरी जोगेंद्र सिंह ने मुक. दमा दर्ज कराया कि 25 सितंबर को शाम 6:30 बजे उसे वह परचूनी की दुकान पर बैठा था। गांव का नीटू व उसका भाई तेना शराब के नशे में दुकान पर पहुंचा और उनसे सिगरेट मांगी। जब सिगरेट दे दी सिगरेट के पैसे मांगे तो गाली गलौज करने लगा।

जब गाली देने से मना किया तो उसे लात घूसों से बुरी तरह से पीटा बाद में लाठी डंडे भी ले आए। जिससे उसके सिर व शरीर में खुली व गुम चोटें आई। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने की उप कुलपति से मुलाकात



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के उप कुलपति गिरीश द्विवेदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुके और मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया। मुलाकात के दौरान मुरादाबाद के व्यापार और उद्योग जगत के लिए उपयोगी पहलुओं पर चर्चा की गई।अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने बताया कि मुरादाबाद के निर्यातकों और सप्लायर्स की जरूरतों को देखते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर ऐसे पाठ्यक्रम तैयार कराए जाएंगे, जिनसे फैक्ट्रियों में कुशल कर्मचारी तैयार हो सकें। उनका कहना था कि मुरादाबाद का व्यापार देश-विदेश में अपनी पहचान रखता है और अगर यहां प्रशिक्षित कर्मचारी उपलब्ध होंगे तो उत्पादन की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार होगा। इससे न केवल व्यापारियों को फायदा मिलेगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।उन्होंने कहा कि संयुक्त व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारियों और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा करना है और इसी दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा। मुलाकात के दौरान संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी राहुल भटनागर भी मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए की बैठक



**कुंदरकी।** नगर पंचायत कुन्दरकी कार्यालय मे अध्यक्षा जीनत मेहदी की उपस्थिति में एक विषेश संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक की गई जिसमे अधिशासी अधिकारी और वार्ड सभासद , यूनिसेफ एस एम नेट बी एम सी आदि उपस्थित रहे । नगर मे विशेष रूप से सभी वार्डो मे एंटी लार्वा छिड़काओ , एव सफाई व्यवस्था पर बात कर योजना बनाई गई जिसमे अब सभी वार्डो से गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग लेने के लिए ई रिक्शा से कूड़ा इखट्टा कराने जोर दिया गया । बैठक मे मुख्य मुद्दा दुकानदारो का कूड़ा नाली मे डालने की बात सामने आयी । जिसपर व्यापार मंडल एव दुकानदारो से बैठक करने की योजना बना कर बात की जाएगी। बैठक मे सभासदो ने अध्यक्षा जी के समक्ष सफाई व्यवस्था को और बढ़िया बनाने पर जोर दिया बैठक मे सभासद अखघ्तर रजा ताहिर खघन रफीक हाजी अहमद नजीर अहमद नदीम अहमद प्रतिनिधि शमीम अहमद फहीम खघन उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद मंडल के लक्सर-हरिद्वार सेक्शन पर ज्वालापुर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण" तथा "मुरादाबाद-चन्दौसी सेक्शन पर चंदौसी गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण" और "मुरादाबाद-लखनऊ सेक्शन के कौढ़ा स्टेशन पर नए गुड्स शेड में बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान" के सन्दर्भ में ज्वालापुर स्टेशन यार्ड, चन्दौसी स्टेशन यार्ड तथा, कौढ़ा स्टेशन यार्ड का किसी अन्य स्टेशन पर गुड्स शेड, सेवा भवन और कमरें, रेल लेवल गुड्स प्लेटफार्मो का निर्माण, प्लेटफार्मों में मिट्टी भरने और काटने का काम, आरसीसी/ईंट की टो रिटर्न/वाल, नालियों, आरसीसी/ईंट की बेंच, शौचालय ब्लॉक का निर्माण कार्य और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 (बारह) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1601.89 लाख |
| 4 | **जमा की जाने वाली जमानत राशि :** रु. 9,51,000.00 |
| 5 | **निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी :** ई-निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 26.09.2025 से 18.10.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6 | **अन्तिम तिथि / ई-निविदा अपलोड करने की तिथि :** 18.10.2025 को 11:30 बजे तक। ई-निविदा दिनांक 04.10.2025 से 18.10.2025 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | **ई-निविदा खुलने की तिथि व समय :** टेकनिकल कम कमर्शिअल बिड दिनांक 18.10.2025 को 11:30 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी। |

सं.: 1-डब्लू-टेण्डर-291-उप मु. अभि. नि. मुरादाबाद दिनांक: 26.09.2025 2987/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025:- मुरादाबाद में 33/11 केवी यार्ड से 220 केवी उप-स्टेशन यार्ड, यूपीपीटीसीएल, मझोला तक 33 केवी ओवरहेड लाइन की मरम्मत और उन्नयन के लिए विद्युत कार्य। | 3514952.00 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद | 70300.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 17.10.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 16/2025 दिनांक: 25.09.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2979/25

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/IV/द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 183-DRM-MB-25-26 Date : 23.09.2025 | 184-DRM-MB-25-26 Date : 23.09.2025 | 192-DRM-MB-25-26 Date : 23.09.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Misc. Bridge works in the section of SSE/W/GJL under ADEN/GJL | UP gradation modernization of infrastructure at Bijnor Goods Shed | Heavy repair to colony road at MNDR, CPS, HLDR, BJO and CPS station under ADEN/GJL |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 21.10.2025 | 21.10.2025 | 21.10.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 54,95,871.74 | 4,13,06,213.36 | 69,94,094.68 |
| धरोहर राशि | 1,09,900.00 | 3,56,500.00 | 1,39,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 10 Months | 8 Months |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.10.2025 | 07.10.2025 | 07.10.2025 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 Dt. 26.09.2025 2991/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 18 साल से पाक को फाइनल नहीं हरा पाया भारत

**● अब तक 12 बार खिताबी मुकाबले में भिड़े दोनों देश, टीम इंडिया चार बार ही जीत पाई**




**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने बुधवार को ही खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया था। दोनों टीमें अब 28 सितम्बर को दुबई में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी।

ग्रुप और सुपर-4 राउंड में दोनों बार टीम इंडिया ने बाजी मारी थी। भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज का फाइनल होगा। इससे पहले हुए 12 मुकाबलों में 8 बार पाकिस्तान और महज 4 बार भारत को जीत मिली। 2017 के आईसीसी चौंपियंस ट्राफी फाइनल में दोनों टीमें आखिरी बार खिताब के लिए भिड़ी थीं, तब भी पाकिस्तान ने ही बाजी मारी थी। भारत को आखिरी जीत 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में मिली थी। वनडे में 11 फाइनल हुए, 8 पाकिस्तान जीता भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल 1985 में हुआ था। यह खिताबी मुकाबला वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का था। इसे भारत ने 8 विकेट से जीता था। इसे मिलाकर दोनों टीमों ने वनडे फार्मेट के अलग-अलग टूर्नामेंट में 11 फाइनल खेले, 8 में पाकिस्तान और महज 3 में भारत को जीत मिली। मौजूदा एशिया कप टी-20 फार्मेट में खेला जा रहा है। इस फार्मेट में दोनों टीमें दूसरी बार ही एक-दूसरे के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेंगी। इकलौती बार दोनों टीमें 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ीं थीं। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 रन से खिताबी मुकाबला जीतकर पहले वर्ल्ड कप की ट्राफी अपने नाम की थी। 12 फाइनल में क्या-क्या हुआ। फाइनल-1रू भारत ने वर्ल्ड चौंपियनशिप जीती 10 मार्च 1985 को पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच किसी टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का यह फाइनल मेलबर्न के डब्ळ स्टेडियम में खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान 176 रन ही बना सका। जवाब में भारत से कृष्णमचारी श्रीकांत और रवि शास्त्री ने फिफ्टी लगाकर टीम को 47.1 ओवर में 8 विकेट से जीत दिला दी। टूर्नामेंट में 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में भी 6 विकेट के अंतर से हराया था। भारत ने अजेय रहते हुए खिताब पर कब्जा किया। ग्रुप स्टेज में टीम ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराया। वहीं सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को मात दी। रवि शास्त्री प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। फाइनल-2रू मियांदाद का आखिरी गेंद पर विनिंग सिक्स 18 अप्रैल 1986 को शारजाह में भारत और पाकिस्तान के बीच आस्ट्रल-एशिया कप का फाइनल खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 245 रन बनाए। श्रीकांत, गावस्कर और वेंगसरकर ने फिफ्टी लगाई। पाकिस्तान ने 49.5 ओवर तक 9 विकेट खोकर 242 रन बना लिए। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे। मियांदाद ने चेतन शर्मा की गेंद पर छक्का लगाया और पाकिस्तान को फाइनल जिता दिया। उन्होंने 116 रन बनाए, इसके लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच का अवार्ड भी मिला। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने भी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। भारत ने श्रीलंका और पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल हराया था। गावस्कर प्लेयर आफ द सीरीज रहे। फाइनल-3रू विल्स ट्राफी में आकिब जावेद को 7 विकेट 25 अक्टूबर 1991 को विल्स ट्राफी के फाइनल में दोनों टीमें भिड़ीं। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। जाहिद फजल ने 98 और सलीम मलिक ने 87 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 190 रन बनाकर सिमट गई। पाकिस्तान से तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने महज 37 रन देकर 7 विकेट लिए। विल्स ट्राफी ट्राई सीरीज थी। जिसमें वेस्टइंडीज ने भी हिस्सा लिया था। ग्रुप स्टेज में भारत-पाक के बीच 2 मैच हुए। पहला मैच भारत ने 60 रन से जीता, वहीं दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने 4 रन से जीत दर्ज की।

## फाइनल से पहले ध्यान केंद्रित रखे पाक: माइक हेसन



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने अपने खिलाड़ियों से टूर्नामेंट के फाइनल में भारत का सामना करने की तैयारी करते हुए, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहने और सिफ क्रिकेट पर ध्यान कें. द्रित करने का आग्रह किया है। दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें इस प्रतियोगिता में तीसरी बार आमने-सामने होंगी, और अब तक ज्यादातर चर्चा क्रिकेट के बजाय मैदान के बाहर के मुद्दों और मैदान के हाव-भाव पर ही केंद्रित रही है। हेसन ने कहा कि देखिए, खिलाड़ियों को मेरा संद. `श सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने का है और हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मिला 'टाइगर' का समर्थन

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 भारत नजदीक आ रहा है, जियोस्टार का 'जर्सी वही, जज़्बा वही' अभियान देश भर के प्रशंसकों को एकजुट और उत्साहित कर रहा है। बॉलीवुड सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ, भारतीय महिला टीम का समर्थन करने वाले नवीनतम सेलिब्रिटी हैं, क्योंकि वे अपने पहले आईसीसी खिताब के लिए प्रयासरत हैं। यह अभियान 30 सितम्बर को गुवाहाटी में हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी की श्रीलंका के साथ भिड़ंत से शुरू होगा। भारत का समर्थन करने के महत्व पर, टाइगर श्रॉफ ने कहा कि हर बार जब टीम इंडिया यह जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस बार, हमारी महिलाएं ही हैं जो विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। जब जर्सी एक जैसी होगी, तो जुनून भी हमेशा एक जैसा ही रहेगा। एक जर्सी, एक जुनून, एक भारत। आइए, उसी ऊर्जा के साथ अपनी नीली महिलाओं का समर्थन करें, क्योंकि यह देश को गौरवान्वित करने का उनका क्षण है।

### भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया क्लीन स्वीप

**ब्रिसबेन, वार्ता।** वेदांत त्रिवेदी (86) और राहुल कुमार (62) की अर्धशतकीय पारियों के बाद खिलन पटेल (चार विकेट) और उद्धव मोहन (तीन विकेट) की घातक गेंदबा. जी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से करारी शिकस्त दी।


## हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर है: हरमनप्रीत

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पुरुष एशिया कप को लेकर हो रहे शोर-शराबे को दरकिनार करते हुए कहा है कि हम यहां केवल क्रिकेट खेलने आए और हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में आयोजित हुए एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के मैच में खिलाड़ियों के हाथ ना मिलाने और उसके लेकर हुई राजनीति और बयानबाजी को लेकर पाकिस्तान के साथ मुकाबले को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि हम केवल मैदान पर होने वाली घटनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं। अन्य मामले हमारे हाथ से बाहर हैं। ड्रेसिंग रूम में, हम इन बातों पर चर्चा भी नहीं करते। हम यहां केवल क्रिकेट खेलने के लिए हैं, और हमारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा। हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले कैप्टन्स डे पर संवाददाताओं से कहा कि फिलहाल, हमारा ध्यान शुरुआती मैच पर है, क्योंकि यही टूर्नामेंट की दिशा तय करता है। सभी मैच समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हम मैदान के बाहर होने वाली किसी भी चीज पर ध्यान नहीं देंगे। यह सिफ इरादे का बयान नहीं था, बल्कि एक ऐसी खिलाड़ी के निजी सफर का प्रतिबिंब था।

## हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज

**● अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने लगाया 30 प्रतिशत जुर्माना, फरहान को भी मिली सख्त चेतावनी**




**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान की शिकायत पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुनवाई की।

एक एजेंसी ने टूर्नामेंट सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों को भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच 21 सितम्बर को खेले गए मैच के दौरान माहौल गर्म हो गया था। दरअसल, लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने भारत को तेज शुरुआती दिलाई थी, इससे उत्साहित भारतीय फैंस लगातार कोहलो-कोहली का नारा लगा रहा थे। बाउंड्री पर उस वक्त रऊफ खड़े थे और उन्होंने आपत्तिजनक इशारे किए। इतना ही नहीं, मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तान के खिलाड़ियों से बहस भी हुई थी। पावरप्ले के दौरान भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों में बहस हुई जिससे मैदान पर माहौल गर्म हो गया। दरअसल, शाहीन अफरीदी भारत की पारी का चौथा ओवर डालने आए और गिल ने उन पर दो चौके लगाए।

इसके बाद शाहीन और गिल के बीच कुछ बहस हुई जिसके बाद गिल ने शाहीन को जाने का इशारा किया। इसके बाद अगला ओवर डालने हारिस रऊफ आए। गिल ने फिर आखिरी गेंद पर चौका जड़ा जिसके बाद अभिषेक और रऊफ के बीच तीखी बहस होने लगी। मामला बढ़ता देख अंपायर गाजी सोहेल ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग किया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले को बंदूक की तरह पकड़ा और फायरिंग जैसा इशारा कर जश्न मनाया था। साहिबजादा की इस हरकत की खूब आलोचना की गई थी, बीसीसीआई ने इसे लेकर आईसीसी से शिकायत कर दी। आईसीसी ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की। पीटीआई के मुताबिक, रऊफ पर उनकी अभद्र भाषा और आक्रामक इशारों के लिए जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साहिब. जादा फरहान ने अपने 'गनफायर सेलिब्रेशन' के लिए खुद को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी नहीं माने जाने का अनुरोध किया है।

## जोनाथन ने शानदार अंदाज में जीता स्वर्ण

**● जोनाथन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया रश्मिका को मिला रजत**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 16 वर्षीय जोनाथन गेविन एंटनी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। युवा भारतीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया।

एंटनी, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 586-19ग के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने फाइनल में भी अपना दमखम बरकरार रखते हुए 24 में से 21 शॉट 10 में मारे और 8.5 अंकों के बड़े अंतर से स्वर्ण जीता। इटली के लुका अरिघी ने 236-3 (572-21ग) अंकों के साथ रजत जीता, जबकि स्पेन के लुकास सांचेज टोमे ने 215-1 (573-11ग) अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। फाइनल में टूर्नामेंट का पहला शूट-ऑफ भी देखने को मिला, जहां ईरान के होसैन गोहारी ने इटली के गेब्रिएले आल्डो विलानी को 156-8 के स्कोर पर बराबरी के बाद पछाड़ दिया और छठा स्थान पाया। गोहारी आगे चलकर 174-8 (572-12ग) के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट्स व्लादिस्लाव मकारोव (194-3) और इगोर टुपित्स्यम (134-9) क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर रहे। भारत के चिराग शर्मा, जिन्होंने 578-15ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया था, फाइनल में 115-6 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे। जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट एवलिना शीना ने संयमित प्रदर्शन करते हुए शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और 240-9 अंकों के साथ स्वर्ण जीता। भारत की रश्मिका सहगल, जिन्होंने 573-17ग के स्कोर से पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन वह एवलिना से 4.8 अंक पीछे रहीं और 236.1 अंकों के साथ रजत अपने नाम किया। ईरान की फातेमा शेकरी, जिन्होंने 567-14ग के साथ आठवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 213.8 अंकों के साथ कांस्य जीता। अन्य भारतीय फाइनलिस्टों में, वंशिका चौधरी, जिन्होंने 576-17ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था, 18 शॉट के बाद 174.2 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि मोहिनी सिंह, जिन्होंने 576-12ग के साथ दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर किया था, 153.2 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं।

## चोटिल शमार जोसेफ भारत दौरे से बाहर, योहान लेन को मौका



**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट की वजह से अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अनकैप्ड तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर योहान लेन को टीम में शामिल किया गया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने ट्वीट कर पुष्टि की है कि जोसेफ सीरीज से बाहर हो गए हैं और बांग्लादेश के दौरे से पहले उनकी चोट का दोबारा आकलन किया जाएगा। हालांकि चोट की प्रकृति का खुलासा नहीं किया गया है। भारत में 14 अक्टूबर को टेस्ट सीरीज खत्म करने के बाद वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश में तीन वनडे खेलेगी, जो 18 अक्टूबर से शुरू होंगे। इसके बाद 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक तीन टी20 भी होंगे। इसके बाद टीम न्यूजीलैंड जाएगी, जहां पांच टी20, तीन वनडे और तीन टेस्ट की ऑल-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। फ़िलिहाल टीम यूएई में है, जहां 27 सितम्बर से नेपाल के खिलाफ तीन टी20 खेले जाएंगे। जोसेफ अब तक 11 टेस्ट खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 21-66 की औसत से 51 विकेट लिए हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू पर पांच विकेट लिए थे। लेन 22 साल के हैं और उन्होंने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 22-28 की औसत से 66 विकेट लिए हैं, जबकि 19-03 की औसत से 495 रन बनाए हैं। वह चार बार पंजा भी हासिल कर चुके हैं।

लेन ने हाल ही में वेस्टइंडीज ए के लिए जून में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच खेले थे, जहां उन्होंने चार पारियों में 62 रन बनाए थे और तीन पारियों में एक-एक विकेट लिया था। हालांकि उन्हें घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में वेस्टइंडीज एकेडमी के लिए ज़्यादा सफलता मिली। उन्होंने विंडवर्ड आइलैंड्स के खिलाफ़ छह विकेट लिए। कुल मिलाकर लेन ने उस टूर्नामेंट में छह मैचों में 15-88 की शानदार औसत से 27 विकेट चटकाए थे, जिसमें दो बार पांच विकेट और दो बार चार विकेट शामिल हैं।

## बारिश से अंतिम दिन का खेल रद्द जमाल हुसैन ने जीता खिताब

**हैदराबाद, वार्ता।** बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को हैदराबाद गोल्फ एसोसिएशन (एचजीए) में भारी बारिश के कारण अंतिम राउंड रद्द होने के बाद 1 करोड़ रुपये की एनएसएल लक्स प्रेज़ेंट्स तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स 2025 का विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट का परिणाम 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया क्योंकि खराब मौसम के कारण चौथे राउंड में कोई खेल संभव नहीं था। जमाल हुसैन (61-62-64), जिन्होंने 54 होल के अपने 23-अंडर 187 के स्कोर की बदौलत तीसरे राउंड के बाद चार शॉट से बढ़त बनाई, ने इस तरह अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। परिणामस्वरूप, ढाका के 40 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 लाख रुपये की विजयी राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (62-64-65) ने तीन राउंड के बाद 19-अंडर 291 का कुल स्कोर बनाकर उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

अक्षय ने 10 लाख रुपये का चेक प्राप्त किया और पीजीटीआई की मेरिट सूची में 34वें स्थान से 21वें स्थान पर पहुंच गए। बेंगलुरू के खलिन जोशी (65-66-66) ने 13-अंडर 197 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने 11-अंडर 199 के कुल स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। इस प्रकार अर्जुन 69,71,599 रुपये की सीजन की कमाई के साथ पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने रहे।

## भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से हराया

**● केएल राहुल ने नाबाद 176 रनों की पारी खेली, साई सुदर्शन ने भी 78 रनों की पारी खेली**




**लखनऊ, वार्ता।** केएल राहुल ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 176 रन बनाए और भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में 412 रनों का पीछा करते हुए जीत हासिल की।

यह इतिहास में किसी 'ए' टीम द्वारा किया गया सबसे बड़ा सफल पीछा है। लखनऊ में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने पहला मैच ड्रॉ रहने के बाद 1-0 से सीरीज जीत ली। राहुल को शतक जड़ने वाले साई सुदर्शन (100) ने 78 रनों की साझेदारी में अच्छा साथ दिया, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने तेजी से अर्धशतक बनाकर टेस्ट के चौथे दिन जीत पक्की कर दी। केएल राहुल और साई सुदर्शन की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरु किया। भारत का तीसरा विकेट मानव सुथार (पांच) के रूप में गिरा। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। इसके बाद कल रिटायर हर्ट हुए केएल राहुल फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन ने 172 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (100) रन बनाए। उन्हें कोरी रॉकीचॉली ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ध्रुव जुरेल ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 115 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।

भारत ए ने 93.3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए टॉड मर्फी ने तीन विकेट लिए। कोरी रॉकीचॉली को दो विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

## नेपाल को 3-0 से हराकर भारत सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली। गुरुवार रात रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में गत चैंपियन ने आखिरकार अपने दबदबे को गोल में बदल दिया, जिससे अब खिताबी मुकाबले में उसका बांग्लादेश से सामना होगा, जिसने पहले पाकिस्तान को 2-0 से हराया था।

वांगखेराकपम गुनलेइबा (61वें मिनट) और स्थानापन्न अजलान शाह खान (80वें मिनट) और डायमंड सिंह थोकचोम (90वें मिनट) ने गोल किए और ब्लू कोल्ट्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। हाफ-टाइम तक स्कोरलाइन गोलरहित रही। भारत को पहला असली मौका बॉक्स में मची अफरा-तफरी के बीच मिला जब वांगखेराकपम गुनलेइबा ने गोल की ओर शॉट मारा, लेकिन नेपाल के डिफेंडर के तेज ब्लॉक ने उसे नाकाम कर दिया। इस मौके ने भारतीय खेमे में और भी तेज़ी ला दी। कुछ ही पल बाद, मोहम्मद ऐमान ने बाईं ओर से एक शानदार क्रॉस दिया जो डल्लालमुऑन गंगटे के पास गया, लेकिन आमतौर पर भरोसेमंद फ़ॉरवर्ड गोल नहीं कर पाए। रक्षात्मक रूप से, भारत पूरी तरह से अडिग था। मिडफ़ील्ड ने अनुशासन के साथ जगह बनाई, जबकि बैकलाइन ने पासिंग चैनल बंद कर दिए, जिससे नेपाल के पास लंबी दूरी के प्रयासों के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। प्रतिस थापा मगर के ऐसे ही एक प्रयास, बॉक्स के किनारे से एक शक्तिशाली ड्राइव, ने गोलकीपर मानशज्योति बरुआ को पूरी ताकत से बचाव करने पर मजबूर कर दिया।

# रामगंगा नदी में मछली पकड़ने गए दो युवक नदी में डूबे स्थानीय गोता खोरों की मदद से एक की बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र की सुरजन नगर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बल्लभगढ़ के पास शुक्रवार की दोपहर बाद एक दर्दनाक हादसा हो गया। उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव रायपुर निवासी तीन युवक मछली पकड़ने के इरादे से रामगंगा नदी के किनारे पहुंचे थे, जहां वह कांटे लगाकर मछली पकड़ रहे थे । शाम 5.00 बजे के आसपास 23 वर्षीय गुफरान पुत्र इरफान व इसका एक साथी मैं अपने दूसरे साथी से कहा कि हम दोनों दूसरी ओर रामगंगा नदी के किनारे कांटे लगाने जा रहे हैं यह कहते ही वह दूसरी साइड में मछली पकड़ने के कांटे लगाने चले गए वहां से वापस लौटते समय अचानक गुफरान पुत्र इरफान उसका साथी का नदी किनारे पैर फिसलने से दोनों नदी में डूब गए । अपने साथियों को डूबता देख उसने शोर मचाया जिस पर खेतों में काम कर रहे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे । स्थानीय गोताखोरों ने एक युवक को बचा लिया लेकिन दूसरा युवक पानी के तेज बहाव में बह गया काफी तलाश की न मिलने पर दूसरे साथी ने इसकी सूचना अपने गांव में व पुलिस को दी । सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया । तत्काल कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल व चौकी इंचार्ज ओंकार सिंह भारी पुलिस बल के सा राम गंगा नदीकिनारे पहुंच गए । स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की गई लेकिन देर शाम तक डूबे युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के जसपुर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी 23 वर्षीय गुफरान पुत्र इरफान, 45 वर्षीय उस्मान पुत्र अब्दुल रहीम तथा 42 वर्षीय फिरोज पुत्र निसार शुक्रवार की दोपहर बाद मछली पकड़ने



के लिए ग्राम बल्लभगढ़ के निकट रामगंगा नदी किनारे पहुंचे थे। शाम करीब पाँच बजे के आसपास जब वे नदी में मछली पकड़ने के कांटे लग रहे थे तभी फिरोज व उसके साथी का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरे। साथ ही उसके साथी ने अपने दोनों साथियों को बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन तेज बहाव और गहराई के चलते वे सफल नहीं हो सके। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और नदी में छलांग लगाकर फिरोज की तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांच. ाल और चौकी इंचार्ज ओंकार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा तुरंत राहत कार्य शुरू कराया गया । लेकिन कोई सफलता नहीं मिली । तीनों लोगों के परिजन पर रिश्तेदारभी मौके पर पहुंच के उन्होंने एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर डुवे व्यक्ति की तलाश की मांग की । हालांकि स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश जारी है, और जब तक शव बरामद नहीं हो जाता, राहत व बचाव कार्य रोका नहीं जाएगा। जनपद स्तर के अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दे दीगई है । अधिक रात्रि होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया है । शनिवार की सवेरे फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने शहर में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं अन्य अधिकारियों के साथ मुरादाबाद शहर में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय संभ्रांत जनों से शांति पूर्ण माहौल बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की। जिलाधिकारी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से बात. चीत की और उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। जिलाधिकारी ने शांति समिति की बैठक में उपस्थित धार्मिक प्रबुद्धजनों एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता व अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा



जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान अपने अपने विभाग से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं/सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण कर लें।

# कानपुर की घटना को लेकर पुलिस सतर्क निगरानी में कराई जुमे की नमाज संपन्न

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कानपुर में आई लव मोहम्मद साहब पोस्टर को लेकर हुई कार्यवाही का जगह-जगह विरोध किया जा रहा है इससे निपटने के लिए अब पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है आज पुलिस ने अपनी निगरानी में नमाज संपन्न कराई है।

बतादे की इस कार्रवाई के विरोध में एक सप्ताह पहले आई एम आई एम के कार्यकर्ताओं ने तहसील में ज्ञापन देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की थी इसके बाद जगह-जगह पर इस कार्रवाई के विरोध में निकले लोगों से पुलिस की झड़प भी हुई माहौल खराब ना हो इससे बचने के लिए पुलिस कई दिनों से नगर में फ्लैग मार्च निकाल रही थी। आज जुम्मे की नमाज संपन्न कराने की दिशा में पुलिस अधिकारी मय फोर्स के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में निकले और अपनी निगरानी में नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराई। हालांकि यहां पर इस मामले को लेकर लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का



भरोसा दिलाया लेकिन पुलिस ने किसी भी परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक सम्बंधित हल्को के उपनिरीक्षक सहित काफी पुलिस बल मौजूद रहा।

# जॉयट्स सेवा सप्ताह का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** ब्रहस्पतिवार के दिन सिल्वरस्टोन स्कूल में जॉयट्स सेवा सप्ताह का समापन महान दिवस के रूप में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अनुकृति शर्मा आईपीएस और फेडरेशन 5 के अध्यक्ष डॉ उमेश अग्रवाल ने भगवान गणेश और मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वल, करके और जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

आज जायंट्स सेवा सप्ताह के दौरान किए गए सभी सेवा कार्यों के लिए सम्मान चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर संबंधित सहयोगियों और समाज में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे, लोगों को सम्मानित किया गया ,जिसमें प्रथम दिन सुमंगलम हॉस्पिटल मे हड्डी रोग की जांच एवम उपचार के लिए शिविर का आयोजन हुआ दूसरे दिन सुलेख तथा निबंध प्रतियोगिता सिल्वर स्टोन सीनियर सै.स्कूल बहजोई में संपन्न हुई जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय आए हुए छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें अवार्ड देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया. तीसरे दिन पौधारोपण का कार्यक्रम बालाजी धर्म काँटा पर किया गया जिसमे चौथे दिन का कार्य क्रम बहजोई डिग्री कॉलेज मे देह दान, महा दान नामक सेमिनार का आयोजन किया



गया था जिसमे दो प्रवक्ताओं जिंहोंने देह दान का संकल्प लिया है उनका प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

पांचवे दिन का कार्यक्रम कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में रक्त परीक्षण शिविर के रूप मे किया गया जिसमे विद्यालय में मौजूद सभी109 छात्राओ का रक्त समूह एवम हीमोगलॉबिन की जाँच की गयी थी, डॉक्टर रितु सक्सैना पैथोलॉजिस्ट सम्भल, दीपक भटनागर मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली, कस्तूरबा विद्यालय की प्रधानाचार्य अनुराधा सिंह, को सम्मानित किया,गीता रानी और प्रिंसी चौधरी को अपनी देह दान करने पर दाधीचि सम्मान, से सम्मानित किया गया. छतवें दिन का कार्यक्रम धिम 'वाली मन्दिर के पास वाली गौशाला मे गौ सेवा के लिए चारे की व्यवस्था का किया गया था। आज के कार्यक्रम मे जून माह से महिला आर्य समाज बहजोई के हॉल में निरन्तर चल रहे निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कैंप में सिलाई सीखने वाली सभी 65 छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया तथा प्रशिक्षिका रोहिणी जैन को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयास इसके साथ ही कार्यक्रम संयोजिका श्री मति मीनू वार्ष्णेय यूनिट डायरेक्टर श्रीमती रश्मि शर्मा ,कॉर्डिनेटर श्रीमती अनिता श्रीवास्तव, श्रीमती बबिता शर्मा, फेड रेशन अध्यक्ष डा. उमेश अग्रवाल जी सचिव श्री लव कुमार आर्य, सहयोगी अध्यक्ष राधा दिलेर को भी सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करते हुए करें जीवन को सफल: राज बहादुर



कांठ( शाह टाइम्स) भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए जीवन को सफल बनाने का युवा काम करें उक्त विचार धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर के प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह ने कांठ के रामलीला रंगमंच पर उद्घाटन करते समय व्यक्त किए, उन्होंने कहा कि ऐसे पावन अवसर पर कमेटी के सदस्यों ने बुलाकर जो सम्मान दिया है वह कभी भुला नहीं पाएंगे, उन्होंने फीता काट कर गुरुवार की रात को रामलीला मंचन का शुभारंभ कराया और लोगों से प्रभु श्री राम के आदर्शों पर अमल करने का आवाह्न किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार जितेंद्र कुमार मोहम्मद रफी विकासविपिन कुमार एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रेलवे फाटक पर रुका सड़क चौड़ीकरण व्यापार मंडल ने किया जोरदार प्रदर्शन




**चन्दौसी।** कब्रिस्तान के नजदीक रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए शुरू किया गया सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधर में लटकने से लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। शुक्रवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में इस समस्या को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि अप्रैल माह से बंद पड़ा सड़क निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। अधूरी बनी सड़क पर गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को कठिनाई हो रही है और हादसों का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन का भी इस ओर ध्यान नहीं है। पालिका ने कब्रिस्तान की जद में आई सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराकर यहां 35 लाख रुपये की लागत से 50 मीटर लंबी और 21 मीटर चौड़ी सड़क बनाने का निर्णय लिया था। इसमें दो मीटर चौड़े फुटपाथ का निर्माण भी शामिल है। अप्रैल माह में कब्रिस्तान के बाहर की सड़क का निर्माण तो हो गया, लेकिन रेलवे फाटक से बदायूं चुंगी की ओर का हिस्सा अब तक अधूरा है। यहां बने रेलवे के केबिन को पीछे हटाया जाना था, जिसकी प्रक्रिया एडीईएन की ओर से शुरू की गई थी, लेकिन मामला अटका हुआ है। आधा-अधूरा निर्माण दुकानदारों और राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। गड्ढों के चलते रात के समय दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वहीं उड़ती धूल दुकानों में घुसकर व्यापारियों को भी परेशान कर रही है।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय ने एसएम के प्रबंधन तंत्र को प्रकरण निस्तारण के लिए लिखा पत्र

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज में प्रबंधन तंत्र तथा प्राचार्य, प्रोफेसर प्रवीण कुमार व सुभाषचंद कश्यप के बीच चल रहे विवाद का अंत अभी तक नहीं हुआ है। 25 सितंबर 2025 को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ने आईजीआरएस संदर्भ पत्र संख्या 3639/43-जीएस/2025 व 400/37 के माध्यम से लिखा कि महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए भवन और कक्षाओं का स्पष्ट विभाजन नहीं है, जिससे कक्षाओं का सुचारु संचालन प्रभावित हो रहा है। विश्व. विद्यालय ने शिकायतों के निस्तारण और मामले के समाधान हेतु प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों को 26 सितंबर को मुरादाबाद उपस्थित होने का निर्देश दिया था। लेकिन नियत तिथि पर प्रबंध कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में कॉलेज में उपलब्ध कक्षाओं और सुविधाओं के अनुपात के अनुसार प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही, साथ ही अन्य वित्तीय और शैक्षणिक अनियमितताएं भी सामने आई हैं। इस स्थिति ने कॉलेज प्रशासन और विद्यार्थियों दोनों के लिए समस्याएं बढ़ा दी हैं। अभी तक मामले का कोई ठोस समाधान नहीं निकला है, और विश्वविद्यालय की ओर से पुनः कदम उठाए जाने की संभावना बनी हुई है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च



**मुरादाबाद।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस बल लगातार गश्त और निरीक्षण अभियान चला रहा है। शुक्रवार की शाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सिविल लाइन्स क्षेत्र का निरीक्षण कर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों की मौजूदगी और सतर्कता की जांच की। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात अधिकारियों और जवानों से बातचीत कर उनकी ड्यूटी की जानक. ारी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसएसपी ने कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर थाना क्षेत्र में पैदल गश्त और सघन चेकिंग अभियान अनिवार्य रूप से चलाया जा रहा है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके।

वहां उन्होंने पुलिसबल के साथ पैदल गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस ने बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरते हुए आम नागरिकों से बातचीत की और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।पुलिस प्रशासन का कहना है कि त्योहारों पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी साइबर सेल सक्रिय है और संदिग्ध संदेशों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

# नौ अक्टूबर को लखनऊ में बसपा की रैली में पहुंचेगी लाखों की भीड़: जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बहुजन समाज पार्टी की आगामी 9 अक्टूबर को राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाली महारैली को लेकर संगठन में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिलेभर में कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को विधानसभा ठाकुरद्वारा के गांव शरीफ नगर पहुंचे जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर ने सभा के दौरान कार्यकर्ताओं को बताया पार्टी लगातार कैडर कैंपों का आयोजन कर रही है,ताकि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान की जा सके।इस दौरान कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है जिससे वह जनता तक सही संदेश पहुंचा सकें।

उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सदैव बहुजन हित और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती रही है आने वाली रैली इसी संघर्ष और संकल्प का प्रतीक होगी, इस रैली के माध्यम से पार्टी की ताकत का एहसास कराया जाएगा, उन्होंने जिले के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या



में 9 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचे और घर घर जाकर लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। रैली में शामिल होने के लिए सैकड़ो बस और निजी वाहन बुक किए गए हैं। जबकि कार्यकर्ता ट्रेन और अपने निजी साधनों से लखनऊ पहुंचेंगे,आप रैली की ऐतिहासिक सफलता में योगदान दें लखनऊ में लाखों की भीड़ के साथ यह रैली न केवल प्रदेश में बल्कि पूरे देश में बसपा की मजबूती का संदेश देगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर, शिवलाल, डॉ नवी, उमेश, रामपाल, इरफान सिद्दीकी, प्रिंस चौधरी, अरविंद, सूरजपाल,भूपेंद्र, वसीम,अनीस, जाबिर शाह, साजिदा , रामकुवर, राधे श्याम, चंद्रपाल, आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों में डेंगू/मलेरिया की रोकथाम के लिए फॉगिंग और एंटीलार्वा स्प्रे एवं साफ-सफाई कार्य का एडीओ पंचायत ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**ठाकुरद्वारा।** ब्लाक ग्राम कर्मचारियों ने ग्राम पंचायतों में डेंगू/ मलेरिया की रोकथाम के लिए फॉगिंग और एंटी-लार्वा स्प्रे एवं साफ सफाई कार्य किए गए। इस दौरान ग्रामीणो को ब्लाक टीम ने अपने आस पास साफ सफाई रखने की अपील की। सहायक विकास अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि सफाई अभियान ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरजन नगर, रामपुर घोघर, पिलकपुर, गुमानी, प्रतापपुर, बहापुर, बलिया, लालापुर, पीपलसाना, रामपुर बलभद्र, बथुआ खेड़ा, गंगाधरपुर, बालापुर सहित कुल 25 ग्राम पंचायतों में किया गया। उन्होने बताया कि ग्राम पंचाायतों में सफाई कर्मचारियों की टीमों द्वारा ग्रामों में सफाई कार्य किया गया। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कल्याणपुर, मानपुर, दतराम, फरीदनगर, रामपुर बलभद्र, पील. कपुर, गुमानी के ग्राम प्रधानों को डेंगू/लेरिया की रोकथाम के लिए फॉगिंग और एंटी-लार्वा स्प्रे का कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 8-10 सदस्यीय सफाई टीमों के साथ-साथ अतिरिक्त श्रमिक लगातार कार्यरत हैं। कूड़े के ढेरों को हटाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। डेंगू/मलेरिया रोकथाम संवेदनशील ग्राम पंचायतों की नालियों में एंटी-लार्वा छिड़काव और फॉगिंग का कार्य चल रहा है। आगामी त्यौहारों को देखते हुए सभी ग्रामों में निरंतर सफाई एवं रोग नियंत्रण के उपाय जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक विकास अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों में चल रही साफ सफाई अभियान का निरीक्षण किया।

### एनकेबीएमजी महाविद्यालय में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान आयोजित

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. महाविद्यालय चन्दौसी में प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों डा. शीतल एवं डा. प्रियंका के संयोजन में टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. हरविंदर सिंह (चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चन्दौसी) ने छात्राओं को क्षय रोग (टीबी) के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है लेकिन इसका उपचार पूरी तरह संभव है। यदि समय पर जांच और दवा ली जाए तो रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं और सरकार द्वारा उपलब्ध नि:शुल्क उपचार का लाभ लें। इसके बाद विजय पाल सिंह ने छात्राओं को टीबी से बचाव हेतु स्वच्छता, पौष्टिक भोजन और नियमित स्वास्थ्य जांच की महत्ता समझाई। इस अवसर पर छात्राओं और शिक्षिकाओं ने समाज को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रियंका ने किया।

## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं ने सांकेतिक रूप से संभाली प्रशासन की कमान

**चन्दौसी।** नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई ऊँचाई देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद सम्भल में बेटियों को एक दिन के लिए प्रमुख प्रशासनिक पदों पर कार्यभार सौंपा गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में प्रशासनिक प्रक्रियाओं और सरकारी योजनाओं की समझ बढ़ाना तथा उन्हें सशक्त बनाना है। इस अवसर पर कक्षा 11वीं की छात्रा कु. रहनुमा खान को एक दिन के लिए सां. केतिक जिलाधिकारी, कक्षा 11वीं की कु. नम्रा नाज को सांकेतिक पुलिस अधीक्षक, कक्षा 08 की कु. साक्षी चौहान को सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी और कक्षा 11 की कु. संगीता को सांकेतिक अपर जिलाधिकारी नियुक्त किया गया। सभी बालिकाएं अपने-अपने विद्यालय और ग्राम की प्रतिनिधि हैं और उन्होंने जिम्मेदारी निभाने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सां. केतिक जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों का कलक्ट्रेट सभागार में स्वागत करने से हुई। इसके बाद बालि. काओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर सांकेतिक जिलाधिकारी कु. रहनुमा खान ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से बेटियों की पढ़ाई में काफी मदद मिली है। उन्होंने सभी अधिकारियों और अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए जागरूकता फैलाएं। सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी कु. साक्षी चौहान ने कन्या सुमंगला योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन और अन्य महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं सांकेतिक अपर जिलाधिकारी कु. संगीता ने भी शासन की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी गति. विधियां कराएं। इसके साथ ही उन्होंने 'बिटिया इन ऑफिस' अभियान के तहत अपने परिवारों की बेटियों को भी एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से अधिकारी बनाकर विभागीय कार्यप्रणाली समझाने की योजना लागू करने का सुझाव दिया।



## सम्पादकीय

शनिवार, 27 सितम्बर 2025

# हड़बड़ाहट में ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद हड़बड़ी में दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति के लिए इस तरह का आचरण बिल्कुल शोभा नहीं देता। एक तरफ भारत व अमेरिका के अधिकारी व्यापारिक डील को लेकर व्यस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ इस वार्ता का नतीजा आए बिना ही डोनाल्ड ट्रम्प इस तरह की घोषणा कर देते हैं जो रिश्तों को और उलझा देती है। इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया हुआ है। जहां उसने 22 से 24 सितम्बर तक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामिक अमेरिकी राजदूत सर्जियो के साथ बैठक की। बैठक के बाद दोनों ही पक्षों ने माना है कि समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठक हुई। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंट दवाई पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं यह टैरिफ एक अक्टूबर से लागू होने की बात भी कही है। हालांकि यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। जैनरिक दवाओं को अभी इस टैरिफ से बाहर रखा गया है। हालांकि ऐसी आशंका जताई जा रही है कि अगला निशाना जैनरिक दवाइयां भी हो सकती हैं जैसाकि जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजय कुमार ने कहा भी है कि भारत जो जैनरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा, लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जैनरिक दवाएं हों। जैनरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला भारत सबसे बड़ा देश है। 2024 की ही बात करें तो भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर की जैनरिक दवाइयां भेजी। जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का 31 फीसदी है। अमेरिका पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि 16 सितम्बर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय का एक दल भारत आया था और उसकी नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, उस समय भी यह कहा गया था कि बातचीत बेहद सकारात्मक रही है। तो जब दोनों ही पक्षों के अधिकारी बातचीत को सकारात्मक बता रहे हैं, तो ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को समझना बेहद मुश्किल हो जाता है कि आखिर वह क्या चाहते हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समय-समय पर वह प्रशंसा करते दिखाई देते हैं, उन्हें अपना मित्र बताते हैं तो वहीं दूसरी तरफ वह भारत के साथ इस तरह के निर्णय लेने में देर नहीं लगाते जिससे भारत की स्थिति असहज हो जाती है। जाहिर है इस तरह के वातावरण में भारत को बेहद सतर्कता के साथ अमेरिका से ट्रेड के मामले में आगे बढ़ने की जरूरत है।

## भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर



आज भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर है, देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया गया है, उत्तराखंड का पेपर लीक कांड इसका ताजा उदाहरण है, लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की, लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया, हम लगातार मांग कर रहे हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए, लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है क्योंकि उन्हें युवाओं की बेरोजगारी की नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की चिंता है, बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है. पेपर चोरों को पता है कि अगर युवाओं को रोजगार नहीं भी मिलेगा, तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

पर्यटन केवल मनोरंजन, सैर-सपाटे या विश्राम का माध्यम नहीं है बल्कि यह मानव सभ्यता के विकास में निरंतर योगदान देने वाला एक ऐसा वैश्विक उद्योग है, जिसने संस्कृतियों को जोड़ा, विविधताओं को समझने का अवसर दिया और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का विषय 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' इसीलिए अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि यह न केवल पर्यटन उद्योग के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पर्यटन किस प्रकार दुनिया में सकारात्मक बदलाव का वाहक बन सकता है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन' द्वारा प्रतिवर्ष 27 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्व समुदाय को पर्यटन के बहुआयामी महत्व और इसके दूरगामी प्रभावों पर पुनर्विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन का दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थान असाधारण है। वैश्विक स्तर पर यह उद्योग प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है और करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रत्येक दस में से एक नौकरी पर्यटन से जुड़ी है। विकसित देशों के साथ-साथ विकासशील राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था में भी यह एक प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। भारत की बात करें तो यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है और सीधे या अपरोक्ष रूप से पांच करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व पर्यटन दिवस का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह हमें केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक पर नहीं बल्कि उन सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पर्यटन उद्योग के सतत विकास के लिए प्राथमिकता देना आवश्यक है।

पर्यटन सामाजिक समानता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। जब एक यात्री किसी दूसरे देश, राज्य या संस्कृति से जुड़ता है तो यह केवल यात्रा नहीं होती बल्कि यह संवाद, सहअस्तित्व और समझदारी का अवसर बनती है। एक ओर यह यात्रियों को नए अनुभव और दृष्टिकोण प्रदान करता है तो दूसरी ओर स्थानीय समुदायों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को साझा करने का अवसर देता है। यही कारण है कि पर्यटन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक कलाओं, शिल्प और रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने में मदद करता है। कई बार जो कला या परंपरा लुप्त होने के कगार पर होती है, वह पर्यटन के कारण नए जीवन का संचार प्राप्त करती है। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का केंद्रीय विचार पर्यटन की परिवर्तनकारी शक्ति है और यह परिवर्तन तभी संभव है, जब पर्यटन विकास के केंद्र में स्थिरता, लचीलापन और सामाजिक समानता को रखा जाए। आधुनिक समय में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां पर्यटन के समक्ष सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरी हैं।



पर्यटन का अत्यधिक और अनियंत्रित विकास कई बार प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ देता है। पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक पर्यटकों का दबाव ग्लेशियरों और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर डालता है, समुद्र तटों पर अनियंत्रित पर्यटन समुद्री जीवन को खतरे में डालता है और ऐतिहासिक धरोहरों पर भीड़भाड़ से उनका संरक्षण कठिन हो जाता है। यही कारण है कि 'सतत पर्यटन' की अवधारणा आज सर्वाधिक चर्चा में है। सतत पर्यटन का अर्थ है ऐसा पर्यटन, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो, स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ मिले और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस दिशा में अनेक देशों ने उल्लेखनीय पहल की है। उदाहरणस्वरूप, भूटान ने पर्यटन पर 'हाई वैल्यू, लो वॉल्यूम' नीति अपनाई है, जिसके अंतर्गत वह पर्यटकों की संख्या सीमित रखते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करता है ताकि पर्यावरणीय और सांस्कृतिक संतुलन बना रहे। इसी प्रकार यूरोप के कई देशों ने 'ग्रीन टूरिज्म' मॉडल को अपनाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है। भारत में भी सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें इको-टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन का महत्व शिक्षा और कौशल विकास के संदर्भ में भी कम नहीं है। यह न केवल यात्रियों को नई संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों से परिचित कराता है बल्कि युवाओं को आतिथ्य, प्रबंधन, संचार और सांस्कृतिक समझ जैसे कौशल सीखने के अवसर भी देता है। भारत जैसे देश, जहां युवाओं की जनसंख्या बड़ी संख्या में है, पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से विशाल रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर सकते हैं। छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे, स्थानीय गाइड सेवा, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प आधारित पर्यटन न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। पर्यटन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष शांति और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। जब विभिन्न देशों के लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं तो यह न केवल सांस्कृतिक समझ को बढ़ाता है बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की नींव भी रखता है। संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यटन को 'शांति का दूत' कहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ा है, आपसी संबंध मजबूत हुए हैं। इसीलिए पर्यटन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि वैश्विक शांति और सहयोग की दिशा में एक प्रभावी उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने पर्यटन उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। ऑनलाइन बुकिंग, वर्चुअल टूर, एआई आधारित ट्रैवल गाइड और स्मार्ट पर्यटन समाधान ने यात्रियों के अनुभव को न केवल सरल बनाया है बल्कि अधिक सुलभ और सुरक्षित भी बनाया है। हालांकि तकनीक के उपयोग के साथ-साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। यात्रियों को अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। केवल सरकार या उद्योग नहीं बल्कि प्रत्एक यात्री को भी यह समझना होगा कि उसकी छोटी-सी आदतें पर्यटन को सतत और परिवर्तनकारी बनाने में योगदान कर सकती हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों है।

यहां हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर केरल की बैकवाटर्स, राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर पूर्वोत्तर की हरियाली, वाराणसी के घाटों से लेकर कश्मीर की वादियों तक असीमित संभावनाएं हैं लेकिन इन संभावनाओं के साथ जिम्मेदारियों का बोझ भी जुड़ा हुआ है। अगर पर्यटन को अनियंत्रित और असंतुलित तरीके से बढ़ने दिया गया तो यह न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाएगा बल्कि स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावित करेगा। इसलिए पर्यटन विकास की हर नीति में स्थिरता और समावेशिता को प्राथमिकता देनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नमकीन स्राव से पनपता रेगिस्तानी पौधा

**व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है।**

मध्य पूर्व के शुष्क क्षेत्र में एथल टमारिस्क Tamari aphylla नामक एक रेगिस्तानी पेड़ जिंदा रहने के लिए एक अनूठी रणनीति अपनाता है। यह पौधा झुलसाने वाली गर्मी में पानी प्राप्त करने के लिए नमकीन स्राव का फायदा उठाता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित यह अध्ययन संकेत देता है कि पौधे दूभर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए किस तरह के रासायनिक जुगाड़ करते हैं। गौरतलब है कि लवण से समृद्ध तटीय मिट्टी में पनपने वाला यह पौधा एक लवणमृदोद्भिद (हैलोफाइट) है जो अतिरिक्त लवण को ग्रंथियों से बूंदों के रूप में स्रावित करके पत्तियों पर जमा करता है। जैसे-जैसे दिन गर्म होता है, इन चमकदार बूंदों का पानी तो वाष्पित हो जाता है जिससे पौधे पर सफेद रवों की परत जम जाती है जो अंततः तेज हवा से झड़ जाते हैं।



इस रणनीति का खुलासा तब हुआ जब अबू धाबी स्थित न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक मारिएह अल-हंदावी ने संयुक्त अरब अमीरात के गर्म, आर्द्र रेगिस्तानों से गुजरते समय इन रवों पर पानी को संघनित होते देखा। उनका अनुमान था कि इस प्रक्रिया में उत्सर्जित लवण-मिश्रण के रासायनिक संघटन की महत्वपूर्ण भूमिका रही होगी। व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है, जिसमें सोडियम क्लोराइड, जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट) और एक अन्य घटक-लीथियम सल्फेट-शामिल है जिसमें सोडियम क्लोराइड और जिप्सम की अपेक्षा कम आर्द्रता पर भी नमी को अवशोषित करने की क्षमता कहीं अधिक होती है। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह अध्ययन एक नए स्तर की समझ प्रदान करता है जिससे यह पता चलता है कि कैसे रेगिस्तानी पौधे लवणों से छुटकारा भी पाते हैं और हवा से पानी संचय के लिए इनका उपयोग भी करते हैं। इन लवणों का संघटन रेगिस्तानी पौधों द्वारा विकसित जटिल रणनीतियों को उजागर करता है। शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन अन्य रेगिस्तानी पौधों में भी इस प्रकार की विशेषता का संकेत देता है। संभव है कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए हर पौधे के पास कोई विशिष्ट गुप्त नुस्खा हो। बहरहाल, इस अध्ययन से हमें विश्व भर में पानी की कमी से निपटने के तरीके के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई है जो आगे खोज की संभावना का संकेत देती है। **-स्रोत फीचर्स**

# सभी रोगों की जड़ है आपका मोटापा

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा आने से जीवन में पाबंदियों और परेशानियों के बढ़ जाने से जीवन की खुशियों में कमी आने लगती है और यही नहीं मोटापे से युक्त बेडौल शरीर अनेक बीमारियों को निमंत्रण देता है। यह सच ही है मोटे और थुलथुल शरीर की एक ओर तो लोग हंसी उड़ाते हैं, वहीं दूसरी ओर यह अनेक रोगों की जड़ भी होता है। मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति अन्य कई शारीरिक समस्याओं से घिर जाता है जैसे मोटापे से पीड़ित व्यक्ति के रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। इस के साथ ही खतरा बढ़ जाता है हाई ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक जैसी कई अन्य जानलेवा बीमारियों का। खून की नलिकाओं में कैल्शियम व वसा की परत चढ़ जाती है, जिससे वे संकरी हो जाती हैं। इसी वजह से रक्त सामान्य रूप से नलिकाओं में नहीं बह पाता। इस प्रकार मोटे व्यक्ति के रक्त संचार में रुकावट पैदा होती है।

ज्यादा मोटापा होने पर आदमी अगर थोड़ा सा भी काम करे, तो वह हांफने लगता है अर्थात उसकी सांस फूलने लगती है, साथ ही वेरीकोस वेंस (शिराओं के अवरुद्ध होकर फूल जाना) हार्निया, श्वसन तंत्र का संक्रमण जैसी बीमारियां भी मोटे व्यक्ति को आ घेरती हैं। जिसके कारण मोटा व्यक्ति पराश्रित हो जाता है। मोटापा मधुमेह रोग के लिए खुला निमंत्रण होता है। मोटे व्यक्ति मोटापे के बुरे प्रभाव को अच्छी तरह जानते हैं इसीलिए वे भीतर से काफी डरे हुए व हीनभावना का शिकार होते हैं। दवा, गोली, व्यायाम के साथ-साथ मोटापा कम करने के लिए आपरेशन भी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसके अन्तर्गत दो प्रकार से मोटापे को दूर किया जाता है। एक में आमाशय का आकार कम कर दिया जाता है और दूसरे में, छोटी आंत की बाईपास सर्जरी करके मोटापे को दूर किया जाता है। मोटापे की वजह कम से कम श्रम करने वाली आधुनिक जीवन शैली है, ऐसा चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं। यह ज्यादातर मध्य आयु वर्ग में शुरू होता है पर यह जरूरी नहीं कि यह मध्य आयु वर्ग में ही हो, यह किसी भी आयु वर्ग में शुरू हो सकता है।

मोटापा एक वंशानुगत रोग होता है। इसलिए जिन के परिवार में कोई भी मोटापे से भूतकाल या वर्तमान में परेशान हो तो उनको इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए। स्टीरोइड्स इंसुलिन और गर्भ निरोधक गोलियां आदि कुछ दवाएं भी मोटापे की वजह बन सकती हैं। कुछ बीमारियों के कारण मोटापा होता है जैसे थायरायड ग्रंथि का कम काम करना (हाइपो थायरायडिज्म), पिट्यूटरी ग्रंथि का कम काम करना, (हाइपो पिट्यूटरिज्म), कशिंग सिंड्रोम (एड्रीनल ग्रंथि का अधिक काम करना), हाइपागोने डिज्म (सेक्स ग्रंथियों का कम काम करना) इत्यादि। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि हर एक ग्राम वसा से नौ कैलोरी ऊर्जा का उत्पादन होता है और उनका कहना है कि हमें हर रोज 800-1600 कैलोरी का ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार शराब पीने वालों को तो शराब का सेवन बिल्कुल कम कर देना चाहिए, क्योंकि 30 सीसी व्हिस्की में पानी मिला कर पीने से 70 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। किसी भी व्यक्ति को कितनी ऊर्जा (कैलोरी) की आवश्यकता होती है, यह जानना हमारे लिए आवश्यक है। एक व्यस्क पुरुष को 2600 एवं व्यस्क स्त्री को 2100 कैलोरी की आवश्यकता होती है। एक आराम की जिंदगी जीने वाली स्त्री को 2000 और पुरुष को 2400 कैलोरी की जरूरत पड़ती है। मध्यमश्रमी पुरुष को 2600, अधिक परिश्रमी पुरुष को 3500 और कठोर परिश्रम करने वाले पुरुष को 4100 कैलोरी आवश्यक होती है। आप कितने मोटे हैं इसका अनुमान आप अपने वजन को देखकर लगा सकते हैं उदाहरण के लिए यदि आप की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर है, तो 45 किलोग्राम आपके लिए कम वजन, 56.70 किलोग्राम सामान्य वजन है और यदि आप का वजन 85 किलोग्राम है, तो आप मोटे हैं और अगर आप का वजन 113 किलोग्राम है, तो आप ज्यादा मोटे हैं। अगर आप मोटे हैं, तो 0.5 से 1 किलाग्राम भार प्रतिमाह कम करने की ठान लें। इसके लिए व्यायाम करना काफी हद तक लाभप्रद होता है, क्योंकि इससे हमारी ऊर्जा की खपत होती है। कड़े परिश्रम के समय 10 किलो कैलोरी खेलकूद और साइकिल चलाते समय सात किलो कैलोरी तथा टहलते समय पांच किलो कैलोरी ऊर्जा प्रति मिनट खर्च होती है। मोटापा एक ऐसी चीज है, जिसके कारण आप दूसरों के द्वारा उपहास का केन्द्र बन सकते हैं। अतः हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। खानपान की अच्छी आदतों का पालन करना चाहिए। तली हुई चीजों से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इनसे कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ती है। रोज व्यायाम व खेलकूद से भी शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।



मोटापे को दूर करने के लिए कई प्रकार की दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। आइए इनके बारे में जानें।

**एंफीटामीन**- इस दवा का इस्तेमाल आजकल कम होता जा रहा है, क्योंकि यह दवा दिमाग में ज्यादा उत्तेजना पैदा कर देती है और इससे भूख भी बहुत कम ही घटती है, जबकि चिकित्सक ज्यादा भूख घटाने की आशा करते हैं।

**सीरोटोनीनार्जेक दवाएं**- जैसे डेक्सफेन फ्लोरेमीन, फेन लोरेमीन आदि। इन दवाओं का इस्तेमाल उस स्थिति में किया जाता है, जबकि वजन बहुत तेजी से कम करना हो। जैसे हाई ब्लडप्रेशर या मधुमेह में ये दवाएं भूख घटाने की जगह व्यक्ति की तृप्ति का अहसास देती हैं।

**कोलीसिस्टो कायनीन दवाइंया**- इस प्रकार की दवाएं भूख को शांत करती हैं। इन सबके अलावा आंतों के (लाइपेज एंजाइम) को निष्क्रिय करने वाली दवाओं का इस्तेमाल भी किया जाता है।

# वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं: ट्रम्प

## कहा: मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, नेतन्याहू के अगले हफ्ते अमेरिका आने पर इस मुताल्लिक होगी बातचीत



■ इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है
■ इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था
■ ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेस्ट बैंक (फलस्तीन का हिस्सा) पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वे कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। हाल ही में इजरायल के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को इजरायल में मिलने की बात कही थी। इस पर ट्रम्प ने ओवल आफिस में कहा, मैं इजरायल को वेस्ट बैंक को मिलाने की परमिशन नहीं दूंगा।

ऐसा नहीं होगा। अब बहुत हो चुका है। इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है। इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था। इसके बाद वेस्ट बैंक पर कब्जे को लेकर इजरायली अधिकारियों की बयानबाजी शुरू हो गई थी। नेतन्याहू अगले हफ्ते सोमवार को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है। वेस्ट बैंक, जार्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजरायल जंग के बाद जार्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जार्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजरायल ने इस इलाके को जार्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फलस्तीनी हैं। इजरायल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाईं। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजरायली बस्तियां अवैध हैं। ट्रम्प लंबे समय से नेतन्याहू के करीबी सहयोग का दावा करते रहे हैं। लेकिन उन पर अब अरब नेताओं का दबाव भी है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि किसी भी इजरायली कब्जे को रेड लाइन माना जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि वो इजरायल को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देंगे, जिससे अरब देशों के नेताओं में नारा. जगी हो। 1967 के युद्ध में इजरायल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पटी पर कब्जा किया था। फलस्तीनियों की मांग है कि ये तीनों क्षेत्र भविष्य में उनके राज्य का हिस्सा होने चाहिए। मानना है कि इजरायल का कब्जा टू स्टेट साल्यूशन (दो राष्ट्र समाधान) या अलग फलस्तीनी देश बनाने की संभावना को खत्म कर देगा। इजरायल की मौजूदा सरकार फलस्तीनी देश के बनने का विरोध करती है और वेस्ट बैंक के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को अपने में मिलाना चाहती है।



**बिहार। मोतीहारी में हर घर अधिकार रैली में शामिल होतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रैली में अपार भीड़ से गदगद नजर आईं।**

## UNRWA के लिए धन, राजनीतिक समर्थन का आग्रह

■ यूएनआरडब्ल्यूए को बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को निकट पूर्व में फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए धन और राजनीतिक समर्थन का आग्रह किया।

गुटेरेस ने यूएनआरडब्ल्यूए के समर्थन में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि मैं आज आपसे अपील करता हूं कि आप यूएनआरडब्ल्यूए को आवश्यक धनराशि और राजनीतिक समर्थन प्रदान करें, ताकि फिलिस्तीनियों, इजरायिलों और क्षेत्र के लिए शांति एवं स्थिरता का निर्माण किया जा सके। अपने संबोधन में, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि फलस्तीनी शरणार्थियों की कई पीढ़ियां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए यूएनआरडब्ल्यूए पर निर्भर रही हैं। अक्टूबर 2023 से पहले, इसने पूरे क्षेत्र में पांच लाख लड़कियों और लड़कों को स्कूली शिक्षा प्रदान की। आज यह 26 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन और नकद सहायता प्रदान करता है और इसके प्राथमिक क्लीनिकों में प्रति वर्ष 1-5 करोड़ लोग आते हैं। गुटेरेस ने कहा कि इन सबके बावजूद, यूएनआरडब्ल्यूए को अत्यधिक और बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इसके कर्मचारी गाजा में मारे जा रहे हैं, इसके परिसर नष्ट हो गए हैं, और इसे बजट की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध प्रवास को रोकने के लिए ब्रिटेन में अब डिजिटल आईडी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि अवैध प्रवास को रोकने के लिए सरकार अब डिजिटल आइडी योजना को क्रियान्वित करने जा रही है। उन्होंने यहां आयोजित ग्लोबल प्रोग्रेस एक्शन सम्मेलन में अपने संबा. धन में कहा कि मुझे पता है कि आप इस देश में अवैध प्रवास के स्तर को लेकर चिंतित हैं। डिजिटल आईडी यहां अवैध रूप से काम करने को और भी कठिन बनाने का एक और उपाय है, जिससे हमारी सीमाएं और भी सुरक्षित हो जाएंगी।

### भारत ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण को दोहराया

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत ने 'आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह' की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है। सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा।

### मीरवाइज ने लगातार तीसरी बार नजरबंद होने का किया दावा

**श्रीनगर।** कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों ने उन्हें फिर से नजरबंद कर दिया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर सकेंगे। मीरवाइज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें मस्जिद में जाने से रोका गया है। उन्होंने लिखा कि पुलिस ने अभी सूचित किया है कि आज फिर, लगातार तीसरे शुक्रवार को, मुझे घर में नजर. बंद कर दिया गया है और जामा मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी? मीरवाइज ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध मनमाने तरीके से और बिना किसी जवाबदेही के लगाए गए हैं।

## यमन में इजरायल का बड़ा हवाई हमला

■ चार बच्चे समेत नौ की मौत, कई लोग घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के भयावह हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को इस बात की जानकारी यमन के हूथी विद्रोहियों ने दी। यह हमला गुरुवार को हुआ था, जो इजरायल और ईरान समर्थित हूथियों के बीच गाजा युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव का हिस्सा है।

इससे पहले गुरुवार को हूथियों द्वारा दक्षिणी इजरायल के ईलात शहर में ड्रोन हमला किया गया था, जिसमें 22 लोग घायल हुए थे, जिसके जवाब में इजरायल ने ये हमला किया। मामले में हूथी नियंत्रित क्षेत्र की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 बुजुर्ग घायल हुए हैं। राहत कर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने सना में हूथी सैन्य कमांड सेंटर, कैंप और सुरक्षा केंद्रों को निशाना बनाया। वहीं हूथी प्रवक्ता ने दावा किया कि इजरायली हमले ने आवासीय इलाकों और बिजली सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उनकी सुरक्षा प्रणालियों ने हमला रोकने में मदद की। ऐसे में अब बात अगर सना के निवासी की करें तो उन्होंने इस हमले के बारे में बताया कि एक हमले में एक भवन क्षतिग्रस्त हुआ, जहां हूथी नेता रहते थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आस-पास के कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरा इलाका धूल और काले धुएं से भर गया था।

## कंबोडिया से जुड़े अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार कंबोडिया में सक्रिय धोखेबाजों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार अत्याधुनिक मोबाइल फ़ोन बरामद किए हैं। यह गिरोह नकली ट्रेडिंग ऐप बनाकर लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी मनीक अग्रवाल (25), अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर (23), मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी (26) और शनमियां खान के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता टी- सिंह ने बताया कि 10 जून 2025 को उन्हें '101 शून्य वेल्थ सर्किल' नामक एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया।

# शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रम्प

## पाकिस्तानी पीएम और आर्मी चीफ को 30 मिनट इंतजार कराया



■ व्हाइट हाउस ने फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया
■ बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रम्प ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रम्प प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रम्प कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रम्प का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रम्प और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है। ट्रम्प और शहबाज के यह 3 दिन में दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों नेताओं ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान मुलाकात की थी। उस बैठक में कतर, तुर्की, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र, यूएई और जार्डन के नेता भी शामिल थे। उस दौरान गाजा जंग रोकने पर बात हुई थी। शहबाज शरीफ की किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ ओवल आफिस में पहली मुलाकात थी। पाकिस्तान के किसी पीएम अमेरिकी राष्ट्रपति से 6 साल बाद मुलाकात हुई है। इससे पहले जुलाई 2019 में इमरान खान और ट्रम्प के बीच बैठक हुई थी। इससे पहले शहबाज शरीफ ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में ट्रम्प से मुलाकात की थी। इस दौरान मुस्लिम देशों के कई नेता मौजूद थे। बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस में एक 'महान नेता' आ रहा है। ट्रम्प ने मीडिया से कहा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आ रहे हैं। वे बहुत अच्छे व्यक्ति हैं और प्रधानमंत्री भी। दोनों ही (शहबाज और मुनीर) बहुत अच्छे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद थे।

## छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी चैतन्यानंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। अदालत ने याचिका पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया कि उन्हें अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। चैतन्यानंद पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण के भी गंभीर आरोप लगे हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत का पुरजोर विरोध करते हुए अदालत को बताया कि आरोपी पिछले एक महीने से फरार है।

## फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 5 साल की जेल

### 92 लाख का जुर्माना भी लगा, 2007 में लीबियाई तानाशाह से पैसे लेने की साजिश रची थी



■ 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार को आपराधिक साजिश के आरोप में 5 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1 लाख यूरो (लगभग 92 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया और 5 साल तक कोई सरकारी पद लेने पर रोक लगा दी गई है।

यह मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत के लिए लीबिया के तत्कालीन तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की अवैध फंडिंग से जुड़ा है। हालांकि, कोर्ट ने सरकोजी को भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया। 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया है। निकोलस सरकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। उनकी पत्नी कार्ला ब्रूनी एक फेमस सिंगर और मॉडल हैं। निकोलस सरकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी के साथ सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे। अदालत ने फैसला दिया कि सरकोजी ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर 2007 के इलेक्शन कैंपेन के लिए लीबिया से पैसे लेने की साजिश रची थी। हालांकि, यह साबित नहीं हो सका कि ये पैसा उनके कैंपेन में इस्तेमाल हुआ, इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। फिर भी अदालत ने कहा कि यह साजिश गंभीर अपराध है, क्योंकि इससे लोगों का भरोसा टूटता है। सरक. ोजी को एक महीने के अंदर जेल जाना होगा। आधुनिक फ्रांस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को जेल जाना पड़ेगा। सरकोजी ने सभी आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि यह मामला 'राजनीतिक साजिश' है और गद्दाफी परिवार ने बदला लेने के लिए ये आरोप लगाए हैं। सरक. ोजी ने कहा: अगर उन्हें जेल में सोना पड़ा, तो वे सिर ऊंचा करके सोएंगे।

## भारत का परमाणु क्षमता को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय काम: विश्व परमाणु संघ

■ चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ

**मास्को।** विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा है कि भारत अपने स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है। लियोन ने समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि दुनिया भारत की क्षमता की ओर देख रही है। उल्लेखनीय है कि यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कई देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को अपने परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है।

# तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

## कहा: यूएन के मुताबिक समाधान हो, एर्दोगन ने यूएन में कश्मीर मुद्दे का किया था जिक्र



■ इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को वीकली प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को यूएन नियमों के मुताबिक हल करने पर बात की। दरअसल तुर्की ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है।

भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है। जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन वार मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। जायसवाल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने नाटो से सावधानी से बयान देने को कहा। इसके साथ यह भी कहा कि भारत अपने लोगों के लिए सस्ती बिजली और देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। हाल ही में मार्क रुटे ने कहा था कि अमेरिका ने जो टैरिफ भारत पर लगाए हैं, उसका असर रूस पर भी पड़ रहा है।

उनके मुताबिक, टैरिफ की वजह से भारत ने रूस से उसकी यूक्रेन युद्ध रणनीति को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक 2,417 भारतीय अमेरिका से वापस आए। ये लोग सही दस्तावेजों के बिना वहां थे। भारत चाहता है कि लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं। अवैध तरीके से विदेश जाने वालों को रोकने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। लोगों को जागरूक करने और झूठे नौकरी के आफर से बचने की सलाह दी गई है।


## लश्कर डिप्टी चीफ बोला: हिंदुस्तान व हिंदुओं का सफाया होगा

■ पहलगाम हमले के पहले का वीडियो सामने आया, भारत में इस्लामी राज लाने की धमकी दी

**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का है।

कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा: पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108